# विशाल इण्डिया

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

सच्चाई की राह पर!

वर्ष : 13 | अंक : 174 | गौतमबुद्धनगर, गुरुवार 23 मई 2024 | पृष्ठ : 08 मूल्य : 02 रूपये | आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236





P- 3
नोएडा के 27 बिल्डर की प्रॉपर्टी का सर्वे पूरा



P- 4
आगरा में जूता कारोबारियों के घर 81 घंटे चली रेड



P- 5
दूसरे हेलिकॉप्टर में सवार चीफ ऑफ स्टाफ ने बताया कैसे हुआ राष्ट्रपति



P- 6
राजस्थान रॉयल्स ने रॉयल्स चैलेंजर्स बेंगलुरु को चार विकेट से हराया



## हैप्पी मॉर्निंग

पप्पू जब भी कपड़े धोने लगता, तब बारिश हो जाती।
एक दिन धूप निकल आई तो पप्पू भागा-भागा सर्फ लेने गया, लेकिन रास्ते में ही बादल गरजने लगे
पप्पू आसमान को देखकर बोला- मैं तो नमकीन लेने जा रहा था!!



## शायरी

पहले बैलट होता था अब ईवीएम का जमाना है
हर पार्टी का मूलमंत्र यही के बस पब्लिक को रिझाना है

## अर्थसार



सेंसेक्स:
74,221.06
+267.75 (0.36%)
निफ्टी:
22,597.80
+68.75

## मौसम



अधिकतम : 41 डिग्री से0
न्यूनतम : 32 डिग्री से
सूर्योदय शुक्रवार : 5 : 30
सूर्यास्त गुरुवार : 7 : 12

# ग्रेटर नोएडा में करोड़ों की प्लॉट धोखाधड़ी

## कासना में 6 प्रतिशत आबादी के प्लॉट के नाम पर बड़ा फ्रॉड

**विशाल इंडिया**

ग्रेटर नोएडा। कासना में प्लॉट (सी 2 कासना 2010 मीटर) के नाम पर करोड़ों की धोखाधड़ी का एक बड़ा मामला सामने आया है, जिसमें पीड़ित ने गौतमबुद्धनगर के इमलिया गाँव के दो भाइयों, सुखपाल और यतेंद्र के खिलाफ कोर्ट से गुहार लगाई है।

### मामले का विस्तृत विवरण

पीड़ित ने आरोप लगाया है कि सुखपाल और यतेंद्र ने उनसे 6 प्रतिशत आबादी के प्लॉट के नाम पर करोड़ों रुपये की वसूली की, लेकिन प्लॉट का हस्तांतरण नहीं किया गया। आरोप है कि सुखपाल और यतेंद्र पहले भी इसी प्लॉट को बेच चुके हैं और उसका मामला भी अदालत में विचाराधीन है। पीड़ित ने बताया कि सुखपाल और यतेंद्र ने उन्हें फर्जी दस्तावेज दिखाकर धोखाधड़ी की है।

### जान से मारने की धमकी

पीड़ित ने यह भी दावा किया है कि जब उन्होंने अपनी राशि वापस मांगने की कोशिश की, तो उन्हें जान से मारने की धमकियाँ दी गईं। सुखपाल और यतेंद्र ने उन्हें जान माल का खतरा भी बताया, जिससे उनकी सुरक्षा को लेकर गहरी चिंता है।

### अदालत का निर्णय

आगरा की अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) अदालत ने पीड़ित द्वारा दायर प्रार्थना पत्र पर सुनवाई के बाद थाना कमला नगर, आगरा को एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया है। पुलिस को निर्देश दिया गया है कि वे इस मामले में जांच करें और उचित कार्रवाई करें।

### पीड़ित का बयान

पीड़ित ने बताया कि उन्होंने कई बार सुखपाल और यतेंद्र से अनुरोध किया कि या तो वे प्लॉट हस्तांतरित करें या उनकी राशि लौटाएं, लेकिन हर बार उन्हें निराशा ही हाथ लगी। पीड़ित का कहना है कि उन्हें जान से मारने की धमकियों के बावजूद, उन्होंने न्याय पाने के लिए हर संभव कानूनी उपाय अपनाए हैं और अब अदालत के आदेश से उन्हें न्याय मिलने की उम्मीद है।

### प्रार्थी के वकील का बयान

प्रार्थी के वकील, रोहित अग्रवाल, ने कहा कि यह निर्णय न्याय की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि उनके मुवक्किल ने न्याय पाने के लिए कई बार अनेकों दरवाजे खटखटाए और अब अदालत के आदेश से उन्हें न्याय मिलने की उम्मीद है। वकील ने यह भी बताया कि इस मामले में कानूनी प्रक्रिया के तहत सभी दोषियों को सजा दिलाने का प्रयास किया जाएगा।

### अगली प्रक्रिया

थाना कमला नगर पुलिस द्वारा एफआईआर दर्ज की जाएगी और मामले की जांच शुरू की जाएगी। पुलिस इस मामले में सभी संबंधित पक्षों से पूछताछ करेगी और सभी आवश्यक सबूत इकट्ठा करेगी। पुलिस ने इस बात की पुष्टि की है कि वे इस मामले को गंभीरता से लेंगे और दोषियों को न्याय के कठघरे में लाने का हर संभव प्रयास करेंगे।

### पृष्ठभूमि और संदर्भ

इस मामले में सामने आए धोखाधड़ी के तरीके से यह स्पष्ट है कि प्लॉट से संबंधित धोखाधड़ी के मामलों में सतर्क रहने की आवश्यकता है। इससे पहले भी ग्रेटर नोएडा और आसपास के क्षेत्रों में कई ऐसे मामले सामने आ चुके हैं, जिनमें लोगों को फर्जी दस्तावेजों के जरिए ठगा गया है। आगरा पुलिस का कहना है कि इस मामले की गहराई से जांच की जाएगी और दोषियों को सख्त से सख्त सजा दिलाने का प्रयास किया जाएगा।

## सातवें चरण में 57 सीटों के लिए 904 उम्मीदवार चुनाव मैदान में

नयी दिल्ली । लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण में आठ राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 57 सीटों पर 904 उम्मीदवार चुनाव मैदान में अपना भाग्य आजमायेंगे। इस चरण के लिए एक जून को मतदान होना है। इन सीटों के लिए नामांकन पत्र दायर करने की अंतिम तिथि 14 मई तक कुल 2105 नामांकन पत्र दाखिल किए गए थे। इनकी जांच के बाद 954 नामांकन पत्र वैध पाए गए। नाम वापस लेने की तिथि के बाद उम्मीदवारों की संख्या 904 रह गयी। इस चरण में पंजाब तथा उत्तर प्रदेश की 13-13, पश्चिम बंगाल की नौ, बिहार की आठ , ओड़िशा की छह, हिमाचल प्रदेश की चार, झारखंड की तीन और चंडीगढ की एक सीट के लिए वोट डाले जायेंगे। सातवें चरण में पंजाब की 13 सीटों के लिए सबसे अधिक 598 तथा उत्तर प्रदेश की भी 13 सीटों के लिए 495 पर्चे भरे गये। बिहार की जहानाबाद संसदीय सीट के लिए सर्वाधिक 73 नामांकन पत्र मिले। पंजाब की लुधियाना सीट के लिए 70 नामांकन पत्र दायर किये गये। इस चरण में एक सीट पर लड़ने वाले उम्मीदवारों की औसत संख्या 16 है।

# बंगाल में 2010 के बाद जारी सभी ओबीसी सर्टिफिकेट रद्द

## हाईकोर्ट ने गैरकानूनी बताया; 5 लाख प्रभावित होंगे

**एजेंसी**

कोलकाता। कलकत्ता हाईकोर्ट ने बुधवार को पश्चिम बंगाल में 2010 के बाद जारी सभी अदर बैकवर्ड क्लास सर्टिफिकेट रद्द करने के आदेश दिए हैं। जस्टिस तपोब्रत चक्रवर्ती और राजशेखर मंथर की बेंच ने कहा कि 2011 से प्रशासन ने किसी नियम का पालन किए बगैर ओबीसी सर्टिफिकेट जारी कर दिए।

बेंच ने कहा- इस तरह से ओबीसी सर्टिफिकेट देना असंवैधानिक है। यह सर्टिफिकेट पिछड़ा वर्ग आयोग की कोई भी सलाह माने बगैर जारी किए गए। इसलिए इन सभी सर्टिफिकेट को कैंसिल कर दिया गया है। हालांकि यह आदेश उन लोगों पर लागू नहीं होगा, जिन्हें पहले नौकरी मिल चुकी या मिलने वाली है। ओबीसी लिस्ट के रद्द होने से करीब 5 लाख सर्टिफिकेट रद्द होने वाले हैं। कोर्ट ने निर्देश दिया कि पश्चिम बंगाल पिछड़ा वर्ग आयोग अधिनियम 1993 के आधार पर ओबीसी की नई सूची पश्चिम बंगाल पिछड़ा वर्ग आयोग तैयार करेगी।



### 2011 में दाखिल की गई थी हाईकोर्ट में याचिका

ममता सरकार के ओबीसी आरक्षण देने के फैसले के खिलाफ 2011 में जनहित याचिका दाखिल की गई थी। इसमें दावा किया गया कि 2010 के बाद दिए गए सभी ओबीसी सर्टिफिकेट 1993 के पश्चिम बंगाल पिछड़ा वर्ग आयोग अधिनियम को दरकिनार कर दिए गए। याचिका में ये भी कहा गया कि जो लोग वास्तव में पिछड़े वर्ग से थे, उन्हें उनके सही सर्टिफिकेट नहीं दिए गए। इसे लेकर अपने आदेश में कोर्ट ने कहा कि राज्य सरकार को 1993 के कानून के मुताबिक आयोग की सिफारिश विधानसभा को सौंपनी होगी। इसी के आधार पर ओबीसी की लिस्ट बनाई जाएगी। तपोब्रत चक्रवर्ती की बेंच ने कहा, 'ओबीसी किसे माना जाएगा, इसका फैसला विधानसभा करेगी। बंगाल पिछड़ा वर्ग कल्याण को इसकी सूची तैयार करनी होगी। राज्य सरकार उस लिस्ट को विधानसभा में पेश करेगी। जिनके नाम इस लिस्ट में होंगे उन्हीं को ओबीसी माना जाएगा।

# नार्थ ब्लॉक को बम से उड़ाने की धमकी वाला ई-मेल फर्जी

नयी दिल्ली। राजधानी दिल्ली के स्कूलों और अस्पतालों के बाद अब दिल्ली में सत्ता तथा सुरक्षा के महत्वपूर्ण स्तंभ माने जाने वाले नार्थ ब्लॉक को बम से उड़ाने की बुधवार को धमकी दी गयी हालांकि भवन की जांच के बाद पुलिस ने इस ई-मेल को फर्जी करार दिया।

सूत्रों ने बताया कि केन्द्रीय गृह तथा वित्त मंत्रालय के कार्यालय वाले भवन नार्थ ब्लॉक को बम से उडाने से संबंधित एक ई-मेल बुधवार को एक अधिकारी को भेजा गया था। अधिकारी ने इसकी जानकारी पुलिस को दी जिसके बाद समूचे भवन की जांच और खोज बीन की गयी। जांच में किसी तरह की संदिग्ध चीज नहीं मिलने के बाद पुलिस ने कहा कि यह ई-मेल फर्जी था।

इससे पहले जांच और खोज बीन के लिए हरकत में आयी पुलिस ने गृह मंत्रालय और वित्त मंत्रालय के कार्यालयों को खाली करा लिया था।

दिल्ली में कुछ दिन पहले करीब सौ स्कूलों और अस्पतालों को भी बम से उड़ाने की धमकी भरे ई-मेल मिल चुके हैं लेकिन अभी तक ये सभी फर्जी साबित हुए हैं।

# पोर्शे एक्सीडेंट केस- नाबालिग आरोपी की जमानत रद्द

## 5 जून तक बाल सुधार गृह भेजा गया; पिता भी 24 मई तक पुलिस कस्टडी में

पुणे। पुणे के पोर्शे एक्सीडेंट और मर्डर केस में जुवेनाइल बोर्ड ने बुधवार को नाबालिग आरोपी की जमानत रद्द कर दी और उसे 5 जून तक के लिए बाल सुधार गृह भेज दिया गया है। आरोपी एक नामी बिल्डर का बेटा है जिसने 18 मई की रात शराब के नशे में अपनी पोर्शे कार से बाइक को टक्कर मारी थी। हादसे में बाइक सवार आईटी इंजीनियर युवक-युवती की मौत हो गई थी। आरोपी को जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड ने 15 घंटे में ही कुछ शर्तों के साथ रिहा कर दिया था, लेकिन बुधवार को उसे एक बार फिर बुलाया गया।



दरअसल, पुणे पुलिस ने केस को गंभीर बताते हुए जुवेनाइल बोर्ड के फैसले के खिलाफ सेशन कोर्ट में अपील की थी। कोर्ट ने आदेश के रिव्यू के लिए पुलिस को जुवेनाइल बोर्ड जाने का निर्देश दिया था। इसके बाद बुधवार को पुलिस की अर्जी पर बोर्ड ने आरोपी को दोबारा बुलाया। पुलिस ने भी उसे पूछताछ के लिए बुलाया है।

आरोपी युवक के पिता बिल्डर विशाल अग्रवाल को बुधवार को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने उसे 24 मई तक पुलिस हिरासत में भेज दिया। कोर्ट से ले जाने के दौरान कुछ लोगों ने पुलिस वैन पर स्याही फेंकी और नारेबाजी की।

### आरोपी ने 90 मिनट में 48 हजार रूपए की शराब पी थी


पुणे के पुलिस कमिश्नर अमितेश कुमार ने बताया- आरोपी 18 मई को रात करीब 10:40 बजे कोजी पब गया था। यहां उसने 90 मिनट में 48 हजार रुपए का बिल चुकाया। इसके बाद वह रात 12:10 बजे ब्लैक क्लब मैरियट होटल गया था। यहां से निकलने के बाद रात 2 बजे उसकी कार से एक्सीडेंट हुआ था। वह 200 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से कार चला रहा था।

एसीपी मनोज पाटिल ने कहा- आरोपी का ब्लड टेस्ट कराया गया है। एफआईआर में मोटर वाहन अधिनियम की धारा 185- शराब पीकर गाड़ी चलाना यानी ड्रिंक एंड ड्राइव का चार्ज जोड़ा है। उसके खिलाफ आईपीसी की धारा 304 (गैर इरादतन हत्या) और मोटर वाहन अधिनियम के प्रावधानों के तहत भी मामला दर्ज किया गया है।

# राजस्थान, हरियाणा में पारा 47 डिग्री के पार

## दिल्ली-यूपी समेत 5 राज्यों में हीटवेव का अलर्ट; कोयंबटूर में 24 घंटे में 5 इंच बारिश

नई दिल्ली। राजस्थान और हरियाणा में पारा 47 डिग्री पार कर गया है। हरियाणा के सिरसा में अधिकतम तापमान 47.8 और राजस्थान के पिलानी में 47.2 डिग्री रहा। मौसम विभाग ने अगले पांच दिन पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान और उत्तर प्रदेश में हीटवेव का अलर्ट जारी किया है।



### प्री-मानसून बारिश 55 फीसदी कम

आईएमडी के मुताबिक प्रदेश में बीते सप्ताह, यानी 9 मई से 15 मई के बीच में औसत बारिश के मुकाबले 55 फीसदी कम बारिश रिकॉर्ड की गई। औसतन अभी तक 3.9 मिमी. बारिश हो जाती है, लेकिन अभी तक प्रदेश में सिर्फ 1.8 मिमी. बारिश ही दर्ज की गई है। हालांकि, मौसम विज्ञानियों के मुताबिक मानसून में इस बार अच्छी बारिश के संकेत हैं।

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के सीनियर वैज्ञानिक नरेश कुमार ने बताया कि राजस्थान में अगले 5 दिन का रेड अलर्ट जारी किया है। यहां अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस से बढ़कर 47 डिग्री सेल्सियस पहुंचने की संभावना है।

वेस्टर्न डिस्टरबेंस के कारण पंजाब और हरियाणा के तापमान में गिरावट दर्ज की गई है।

हालांकि, यहां तापमान में 2 से 3 डिग्री की वृद्धि होगी। उत्तर प्रदेश में अगले पांच दिनों के लिए रेड अलर्ट और मध्य प्रदेश में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

तमिलनाडु के कई जिलों में तेज बारिश जारी है, कोयंबटूर के अझियार में पिछले 24 घंटों में 5 इंच बारिश हुई। मौसम विभाग ने गुरुवार को थेनी, तेनकासी, तिरुनेलवेली, कन्याकुमारी और विरुधुनगर जिलों में भारी बारिश का अनुमान लगाया है। 23 मई को दक्षिण-पूर्व और पूर्वी मध्य बंगाल की खाड़ी में 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से हवा चलने की संभावना है, जो 70 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच सकती है। मछुआरों को तट से दूर रहने की सलाह दी गई है।

# चुनाव आयोग का नड्डा और खड़गे को नोटिस

## कहा- नेताओं से कहें, सेना-संविधान पर बयानबाजी न करें, धर्म-संप्रदाय पर भी न बोलें

नई दिल्ली। चुनाव आयोग ने बुधवार 22 मई को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा को नोटिस जारी किया। आयोग ने दोनों पार्टियों के अध्यक्षों और स्टार प्रचारकों से अपने भाषण को सही करने, सावधानी बरतने और मर्यादा बनाए रखने के लिए कहा।

लोकसभा चुनाव में राहुल गांधी समेत कांग्रेस के नेता अपने भाषणों में संविधान बचाने और अग्निवीर स्कीम का बार-बार जिक्र कर रहे हैं।

वहीं भाजपा के नेता अपनी स्पीच में मुसलमान और धर्म पर जोर दे रहे हैं। आयोग ने दोनों पार्टियां के स्टार प्रचारकों को धार्मिक और सांप्रदायिक बयानबाजी न करने का निर्देश दिया है।



### चुनाव आयोग ने भाजपा और कांग्रेस से क्या कहा?

भाजपा से उन प्रचार भाषणों को रोकने के लिए कहा है, जिनसे समाज में बंटवारा हो सकता है। चुनाव आयोग ने कांग्रेस से कहा कि वह संविधान को लेकर गलत बयानबाजी न करे। जैसे कि भारत के संविधान को खत्म किया जा सकता है या बेचा जा सकता है। इसके अलावा अग्निवीर पर बोलते हुए इलेक्शन कमीशन ने कांग्रेस से कहा कि वो डिफेंस फोर्स का राजनीतिकरण न करें।

# देश को महंगाई कम करने और रोजगार देने वाला प्रधानमंत्री चाहिए

नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि महंगाई कम करने और रोजगार देने वाला प्रधानमंत्री चाहिए जो हमारी समस्याओं का समाधान करे, देश को तरक्की के रास्ते पर लेकर जाए।

केजरीवाल ने बुधवार को नई दिल्ली लोकसभा से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी सोमनाथ भारती के समर्थन में पांच नुक्कड़ सभाएं की। इस दौरान कहा कि देश को महंगाई कम करने और रोजगार देने वाला प्रधानमंत्री चाहिए। हमें ऐसा प्रधानमंत्री चाहिए जो हमारी समस्याओं का समाधान करे, हमारे देश को तरक्की के रास्ते पर लेकर जाए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रोजगार और महंगाई पर कभी बात ही नहीं करते हैं इसलिए पूरे देश के लोगों में भारी गुस्सा है। चार जून को अच्छे दिन आने वाले हैं और मोदी जाने वाले हैं।

उन्होंने कहा कि देश की जनता इस समय महंगाई से त्रस्त है। हमें ऐसा प्रधानमंत्री चाहिए जो पेट्रोल, डीजल के दाम कम करने के बारे में सोचे, लोगों के गैस के दाम कम करने के बार में सोचे। दूध, सब्जियां, दाल सस्ता करे। लोगों को रोजगार देने के बार में सोचे। मोदी रोजगार और महंगाई की बात ही नहीं करते हैं। केवल जेल में डालने के बारे में सोचते हैं। क्या ऐसे देश चलाएंगे? पिछले एक हफ्ते में पंजाब, हरियाणा, कुरुक्षेत्र, लखनऊ, महाराष्ट्र भिवंडी, मुंबई और जमशेदपुर गया।

**ईवीएम की सुरक्षा** — सभी मामलों में पुलिस कार्रवाई शुरू तो कर दी गई है लेकिन ईवीएम की सुरक्षा के इंतजामों पर सवाल उठ रहे हैं

# लोकसभा चुनाव में ईवीएम की सुरक्षा पर उठते सवाल, कार्रवाई जरूरी

लोकसभा चुनावों में अभी तक ईवीएम हथिया लेने और उसके साथ छेड़छाड़ करने के कई मामले सामने आए हैं. सभी मामलों में पुलिस कार्रवाई शुरू तो कर दी गई है लेकिन ईवीएम की सुरक्षा के इंतजामों पर सवाल उठ रहे हैं.आंध्र प्रदेश में एक विधायक द्वारा कम से कम सात मतदान केंद्रों में जाकर ईवीएम के साथ तोड़-फोड़ करने का मामला सामने आया है. एक मतदान केंद्र का तो वीडियो भी सोशल मीडिया पर काफी शेयर किया जा रहा है, जिसमें वाईएसआरसीपी के विधायक पिन्नेल्ली रामाकृष्णा रेड्डी वीवीपैट मशीन को उठा कर जमीन पर पटकते हुए नजर आ रहे हैं.

यह वारदात 13 मई की है जब प्रदेश की सभी लोकसभा सीटों के साथ-साथ सभी विधानसभा सीटों के लिए भी मतदान हो रहा था. चुनाव आयोग की शिकायत पर राज्य पुलिस ने रेड्डी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है.

### कुछ नहीं कर पाए मतदान अधिकारी

इससे पहले इन चुनावों में ईवीएम के साथ छेड़छाड़ के कई मामले सामने आए हैं. 13 मई को ही उत्तर प्रदेश के फर्रुखाबाद में एक मतदान केंद्र में एक युवक ने मतदान केंद्र के अंदर एक ही ईवीएम पर आठ बार मतदान किया



और ऐसा करते हुए अपना वीडियो भी बना लिया.वीडियो में युवक बार-बार बीजेपी के प्रत्याशी के आगे बटन दबाता हुआ नजर आ रहा है. वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज किया और युवक को ढूंढ निकाला, लेकिन उसे गिरफ्तार नहीं किया गया क्योंकि वह नाबालिग है मीडिया रिपोर्टों में यह भी बताया गया कि युवक स्थानीय ग्राम प्रधान का बेटा है. सारी कार्रवाई के बाद चुनाव आयोग ने इस केंद्र पर हुए मतदान को अमान्य ही घोषित कर दिया और 25 मई को वहां दोबारा मतदान करवाने का आदेश दिया. इसी तरह नौ मई को गुजरात की दाहोद लोकसभा सीट पर महिसागर जिले में एक व्यक्ति ने एक मतदान केंद्र में घुसकर कई बार मतदान किया और अपनी इस हरकत को फेसबुक पर लाइव दिखाया भी.

### करना पड़ा मतदान रद्द

मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक यह व्यक्ति भी बीजेपी का सदस्य था और उसने बार-बार बीजेपी के स्थानीय प्रत्याशी के नाम के आगे ही बटन दबाया.

यहां तक कि वह एक ईवीएम को हाथ में उठा कर नाचने भी लगा और सबसे यह कहना लगा कि ईवीएम हमारे बाप का है

शिकायत मिलने पर स्थानीय पुलिस ने उस व्यक्ति को और उसके वीडियो बनाने और सोशल मीडिया पर डालने वाले उसके साथी को गिरफ्तार कर लिया. साथ ही चुनाव आयोग ने उस दिन इस केंद्र पर मतदान को रद्द कर दिया और 11 मई को फिर से मतदान करवाया.

# संपादकीय

## वर्तमान स्थिति में सुधार की दिशा



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

आज, मैं आपको राहत इंदौरी साहब की एक शायरी के माध्यम से संदेश पहुंचाना चाहता हूँ।
सभी का खून है शामिल यहां की मिट्टी में,
किसी के बाप का हिंदुस्तान थोड़ी है।
और उन्हीं आधारों पर, दादा आदम गौड़वी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए, मुझे यह ख्याल आता है : सौ में सत्तर आदमी फिलहाल जब नाशाद हैं, दिल पर रखकर हाथ कहिए देश क्या आजाद है ?

### देश की चुनौतियाँ

आज, देश कई चुनौतियों का सामना कर रहा है। आर्थिक अस्थिरता, बढ़ती बेरोजगारी, स्वास्थ्य संकट, और पर्यावरणीय मुद्दे हमारे सामने हैं। इन चुनौतियों से निपटने के लिए सभी स्तरों पर समन्वित प्रयासों की आवश्यकता है।

### आर्थिक सुधार की आवश्यकता

वर्तमान आर्थिक हालात चिंताजनक हैं। व्यापारिक गतिविधियों में मंदी, छोटी और मझौली उद्योगों की समस्याएँ, और बेरोजगारी दर में वृद्धि को दूर करने के लिए सरकार को आर्थिक सुधारों पर जोर देना चाहिए। वित्तीय नीतियों में पारदर्शिता, एमएसएमई सेक्टर के लिए सहायक योजनाएँ, और रोजगार सृजन के लिए नए रास्ते खोजने होंगे।

### स्वास्थ्य सेवाओं का सुदृढ़ीकरण

स्वास्थ्य क्षेत्र की वर्तमान स्थिति भी सुधार की मांग करती है। कोरोना महामारी ने हमें स्वास्थ्य सेवाओं की कमजोरियों से अवगत कराया है। अस्पतालों की क्षमता बढ़ाने, ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार करने और स्वास्थ्यकर्मियों की संख्या में वृद्धि करने की दिशा में ठोस कदम उठाने होंगे।

### शिक्षा और युवा

शिक्षा प्रणाली में सुधार के बिना विकास अधूरा है। ऑनलाइन शिक्षा का विस्तार, स्कूलों और कॉलेजों में गुणवत्ता सुधार, और युवाओं के कौशल विकास पर ध्यान देने की आवश्यकता है। इससे न केवल शिक्षा का स्तर बढ़ेगा, बल्कि रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे।

### पर्यावरण संरक्षण

जलवायु परिवर्तन और पर्यावरणीय संकट हमारे भविष्य के लिए गंभीर खतरा हैं। सरकार और नागरिकों को मिलकर पर्यावरण संरक्षण के लिए कदम उठाने होंगे। वृक्षारोपण, स्वच्छ ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देना, और प्लास्टिक उपयोग को कम करना कुछ महत्वपूर्ण कदम हो सकते हैं।

### सुधार की दिशा में एकजुटता

इन सभी मुद्दों के समाधान के लिए केवल सरकार पर निर्भर रहना पर्याप्त नहीं है। नागरिक समाज, निजी क्षेत्र, और हर एक नागरिक को भी अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। एकजुट होकर हम इन चुनौतियों का सामना कर सकते हैं और एक बेहतर भविष्य का निर्माण कर सकते हैं।

### निष्कर्ष

यह समय आत्मनिरीक्षण और एकजुटता का है। हमें मिलकर काम करना होगा, ताकि हम इन समस्याओं से उबर सकें और देश को एक मजबूत, स्वस्थ और समृद्ध भविष्य की ओर ले जा सकें। हमारे प्रयासों से ही हमारे सपनों का भारत साकार होगा।
अपने शब्दों को दुष्यंत साहब के शब्दों के साथ विराम देता हूँ।
कैसे मंज़र सामने आने लगे हैं,
गाते गाते लोग चिल्लाने लगे हैं।
अब तो इस तालाब का पानी बदल दो,
यहाँ कंवल के फूल मुरझाने लगे हैं।

## शहरों में जीना हुआ दूभर

जब देश-दुनिया गर्मी में तपते थे तो हिमाचल प्रदेश में लोग सुकून की तलाश में आते थे। लेकिन इस साल इस हिमपात वाले राज्य के नौ जिलों में तापमान 42 डिग्री से पार है और सरकार ने वहां लू की चेतावनी दी है। गत 20 मई को ऊना का अधिकतम तापमान 44.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं हमीरपुर के नेरी का तापमान 44.1 डिग्री था। प्रदेश के मैदानी इलाकों में पिछले चार दिनों से तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर रिकॉर्ड हो रहा है। गौर से देखें तो ये तपते शहर वे हैं जहां तेजी से शहरीकरण हुआ। जब हिमाचल के ये हाल हैं तो फिर पंजाब-हरियाणा में तो तापमान 45 पार होना कोई बड़ी बात नहीं। जिन स्थानों पर अस्वाभाविक रूप से तापमान बढ़ा, वहां कंक्रीट के जंगल रोपने में समाज अव्वल रहा है। बढ़ती आबादी वाले शहरों में तापमान बढ़ना केवल शारीरिक विकार ही नहीं , बल्कि कई और दिक्कतें साथ लेकर आता है। दिल्ली से सटे गाज़ियाबाद के सरकारी अस्पताल में बीते एक पखवाड़े से चिड़चिड़ेपन, दिमाग घूमने के मरीज आ रहे हैं। यही नहीं, सड़कों पर झगड़े बढ़ रहे हैं। काम करने में दिक्कतों के चलते कमाई कम हो रही और बिजली-पानी का खर्चा बढ़ रहा है।

भारत के बड़े हिस्से में सदियों से गर्मी पड़ती रही है लेकिन अब इसका दायरा बढ़ रहा है व दिन भी दुगने हो रहे हैं। प्रचंड गर्मी ने देश में पिछले 50 साल में 17,000 से ज्यादा लोगों की जान ली है। साल 1971 से 2019 के बीच लू चलने की 706 घटनाएं हुई हैं। लेकिन गत पांच सालों में चरम तापमान और लू की घटनाएं न केवल समय के पहले हो रही हैं, बल्कि लम्बे समय तक इनकी मार रहती है, खासकर शहरीकरण ने इस मौसमी आग में ईंधन का काम किया है, शहर अब जितने दिन में तपते हैं, रात उससे भी अधिक गरम हवा वाली होती है। आबादी से उफनते महानगरों में बढ़ता तापमान अकेले संकट नहीं होता, उसके साथ बढ़ती बिजली-पानी की मांग, दूषित होता पर्यावरण भी नया संकट खड़ा करता है।

अमेरिका की कोलम्बिया यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों के एक अध्ययन के मुताबिक, बढ़ती आबादी और गर्मी के कारण भारत के चार बड़े शहर नई दिल्ली, कोलकाता, मुम्बई और चेन्नई सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं। कोलकाता में बढ़ते जोखिम के पीछे 52 फीसदी गर्मी तथा 48 फीसदी आबादी जिम्मेदार है। वैज्ञानिकों का कहना है कि बाहरी भीड़ को नही रोका गया तो तापमान तेजी से बढ़ेगा जो स्वास्थ्य के लिए नुकसानदेह साबित होगा। शहरों में बढ़ते तापमान के कई कारण हैंङ्क सबसे बड़ा तो शहरों के विस्तार में हरियाली का नष्ट होना। भले ही दिल्ली जैसे शहर दावा करें कि उनके यहां हरियाली की छतरी का विस्तार हुआ है लेकिन हकीकत में यहां लगने वाले अधिकांश पेड़ पारम्परिक ऊंचे वृक्ष की जगह, जल्दी उगने वाले झाड़ हैं, जो धरती के बढ़ते तापमान की विभीषिका से निबटने में अक्षम हैं। 'शहरी ऊष्मा द्वीप' शहरों की कई विशेषताओं के कारण बनते हैं। बड़े वृक्षों के कारण वाष्पीकरण और वाष्पोत्सर्जन होता है जो कि धरती के बढ़ते तापमान को नियंत्रित करता है। बोगेनवेलिया जैसे पौधे धरती के शीतलीकरण प्रक्रिया में कोई भूमिका निभाते नहीं हैं।

महानगरों की गगनचुम्बी इमारतें सूर्य की तपन से गर्मी को प्रतिबिंबित और अवशोषित करती हैं। एक-दूसरे के करीब कई ऊंची इमारतें भी हवा के प्रवाह में बाधा बनती हैं, इससे शीतलन अवरुद्ध होता हैं। शहरों की सड़कें उसका तापमान बढ़ने में बड़ी कारक हैं। महानगर में सीमेंट और कंक्रीट के बढ़ते जंगल, डामर की सड़कें और ऊंचे मकान बड़ी मात्रा में सूर्य की किरणों को सोख रहे हैं।

## बुद्ध पूर्णिमा- 23 मई 2024 पर विशेष

# बुद्ध धर्मक्रांति एवं व्यक्तिक्रांति के सूत्रधार

- ललित गर्ग -



गौतम बुद्ध एक प्रकाशस्तंभ है, उनका लोकहितकारी चिन्तन एवं कर्म कालजयी है और युग-युगों तक समाज का मार्गदर्शन करता है। बुद्ध पूर्णिमा को उनकी जयंती मनाई जाती है और उनका निर्वाण दिवस भी बुद्ध पूर्णिमा के दिन ही हुआ था। आज के दिन गौतम बुद्ध अपनी पूर्णता में खिल गये थे, वे अपनी पूर्णता के साथ-साथ मानव समाज की पूर्णता की खोज में लगे रहे और एक प्रेरणा और संभावना बने। यानी यही वह दिन था जब बुद्ध ने जन्म लिया, शरीर का त्याग किया था, ज्ञान और मोक्ष प्राप्त किया। बुद्ध पूर्णिमा न केवल बौध धर्म के अनुयायियों के लिए बल्कि सम्पूर्ण मानव जाति के लिये एक महत्वपूर्ण दिन है। बौद्ध धर्म के अनुयायियों के लिए बुद्ध पूर्णिमा सबसे बड़ा त्योहार का दिन होता है। इस दिन अनेक प्रकार के समारोह आयोजित किए गए हैं। अलग-अलग देशों में वहां के रीति-रिवाजों और संस्कृति के अनुसार समारोह आयोजित होते हैं। बुद्ध पूर्णिमा को श्रीलंकाई 'वेसाक' उत्सव के रूप में मनाते हैं जो 'वैशाख' शब्द का अपभ्रंश है। इस दिन बौद्ध घरों में दीपक जलाए जाते हैं और फूलों से घरों को सजाया जाता है। दुनियाभर से बौद्ध धर्म के अनुयायी बोधगया आते हैं और प्रार्थनाएं करते हैं। बोधिवृक्ष की पूजा की जाती है। उसकी शाखाओं पर हार व रंगीन पताकाएँ सजाई जाती हैं। जड़ों में दूध व सुगंधित पानी डाला जाता है। वृक्ष के आसपास दीपक जलाए जाते हैं। गरीबों को भोजन व वस्त्र दिए जाते हैं।

महात्मा गौतम बुद्ध बौद्ध धर्म के संस्थापक थे। उन्होंने अपने जीवन में हमेशा लोगों को अहिंसा और करुणा का भाव सिखाया। गौतम बुद्ध का जन्म नेपाल स्थित लुम्बिनी में 563वीं ईसा पूर्व में एक राजपरिवार में हुआ था। महात्मा बुद्ध को सबसे महत्वपूर्ण भारतीय आध्यात्मिक महामनीषी, सिद्ध-संन्यासी, समाज-सुधारक धर्मगुरु में से एक माना जाता है। उन्होंने न केवल अनेक प्रभावी व्यक्तियों बल्कि आम जन के हृदय को छुआ और उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाए। उन्हें धर्मक्रांति के साथ-साथ व्यक्ति एवं विचारक्रांति के सूत्रधार भी कह सकते हैं। उनकी क्रांतिवाणी उनके क्रांत व्यक्तित्व की द्योतक ही नहीं वरन् धार्मिक, सामाजिक विकृतियों एवं अंधरूढ़ियों पर तीव्र कटाक्ष एवं परिवर्तन की प्रेरणा भी है, जिसने असंख्य मनुष्यों की जीवन दिशा को बदला।

बुद्ध संन्यासी बनने से पहले कपिलवस्तु के राजकुमार सिद्धार्थ थे। शांति की खोज में वे 27 वर्ष की उम्र में घर-परिवार, राजपाट आदि छोड़कर चले गए थे। भ्रमण करते हुए सिद्धार्थ काशी के समीप सारनाथ पहुंचे, जहाँ उन्होंने धर्म परिवर्तन किया। यहाँ उन्होंने बोधगया में बोधि वृक्ष के नीचें कठोर तप किया। कठोर तपस्या के बाद सिद्धार्थ को बुद्धत्व ज्ञान की प्राप्ति हुई और वह महान संन्यासी गौतम बुद्ध के नाम से प्रचलित हुए और अपने ज्ञान से समूचे विश्व को ज्योतिर्मय किया। बुद्ध ने जब अपने युग की जनता को धार्मिक-सामाजिक, आध्यात्मिक एवं अन्य यज्ञादि अनुष्ठानों को लेकर अज्ञान में घिरा देखा, साधारण जनता को धर्म के नाम पर अज्ञान में पाया, नारी को अपमानित होते देखा, शुद्रों के प्रति अत्याचार होते देखे-तो उनका मन जनता की सहानुभूति में उद्वेलित हो उठा। लोकजीवन को ऊंचा उठाने के उन्होंने जो हिमालयी प्रयत्न किये, वे अद्भुत और आश्चर्यकारी है। बुद्ध के अनुयसा जीवन में हजारों लड़ाइयां जीतने से बेहतर स्वयं पर विजय प्राप्त करना है। यदि स्वयं पर विजय प्राप्त कर लिया तो फिर जीत हमेशा तुम्हारी होगी। इसे तुमसे कोई नहीं छीन सकता। गौतम बुद्ध कहते हैं कि व्यक्ति कभी भी बुराई से बुराई को खत्म नहीं कर सकता है। इसे खत्म करने के लिए व्यक्ति को प्रेम का सहारा लेना पड़ता है। प्रेम से दुनिया की हर बड़ी चीजों को जीता जा सकता है। बुद्ध के अनुसार, खुशियां बांटने से हमेशा बढ़ती हैं। कभी कम नहीं होती हैं। जंगली जानवर की अपेक्षा कपटी और दुष्ट मित्र से डरना चाहिए। जंगली जानवर आपके शरीर को नुकसान पहुंचा सकता है, लेकिन एक बुरा मित्र आपकी बुद्धि को नुकसान पहुंचा सकता है। गौतम बुद्ध के अनुसार, जीवन में तीन चीजें कभी भी छुपाकर नहीं रखा जा सकता है। वो है- सूर्य, चंद्रमा और सत्य।

वास्तव में देखा जाए तो राज-शासन और धर्म-शासन दोनों का ही मुख्य उद्देश्य जनता को सन्मार्ग पर ले जाना है। परन्तु राज-शासन के अधिनायक स्वयं मोहमाया ग्रस्त प्राणी होते हैं, अत: वे समाज सुधार के कार्य में पूर्णतया सफल नहीं हो पाते। भला, जो जिस चीज को अपने हृदयतल में से नहीं मिटा सकता, वह दूसरे हजारों हृदयों से उसे कैसे मिटा सकता है? राज-शासन की आधारशिला प्रेम, स्नेह एवं सद्भाव की भूमि पर नहीं रखी जाती है, वह रखी जाती है, प्राय: भय, आतंक और दमन की नींव पर। यही कारण है कि राज-शासन प्रजा में न्याय, नीति और शांति की रक्षा करता हुआ भी अधिक स्थायी व्यवस्था कायम नहीं कर सकता। जबकि धर्म-शासन परस्पर के प्रेम और सद्भाव पर कायम होता है, फलत: वह सत्य-पथ प्रदर्शन के द्वारा मूलत: समाज का हृदय परिवर्तन करता है और सब ओर से पापाचार को हटाकर स्थायी न्याय, नीति तथा शांति की स्थापना करता है। बुद्ध अन्ततोगत्वा इसी निर्णय पर पहुंचे कि भारत का यह दु:साध्य रोग साधारण राजनीतिक हलचलों से दूर होने वाला नहीं है। इसके लिए तो सारा जीवन ही उत्सर्ग करना पड़ेगा, क्षुद्र परिवार का मोह छोड़ कर 'विश्व-परिवार' का आदर्श अपनाना होगा। राजकीय वेशभूषा से सुसज्जित होकर साधारण जनता में घुला-मिला नहीं जा सकता। वहां तक पहुंचने के लिए तो ऐच्छिक लघुत्व स्वीकार करना होगा, अर्थात् भिक्षुत्व स्वीकार करना होगा।


मानवता को बुद्ध की सबसे बड़ी देन है भेदभाव को समाप्त करना। यह एक विडम्बना ही है कि बुद्ध की इस धरती पर आज तक छूआछूत, भेदभाव किसी न किसी रूप में विद्यमान हैं। उस समय तो समाज छूआछूत के कारण अलग-अलग वर्गों में विभाजित था। बौद्ध धर्म ने सबको समान मान कर आपसी एकता की बात की तो बड़ी संख्या में लोग बौद्ध मत के अनुयायी बनने लगे। कुछ दशक पूर्व डाक्टर भीमराव आम्बेडकर ने भारी संख्या में अपने अनुयायियों के साथ बौद्ध मत को अंगीकार किया ताकि हिन्दू समाज में उन्हें बराबरी का स्थान प्राप्त हो सके। बौद्ध मत के समानता के सिद्धांत को व्यावहारिक रूप देना आज भी बहुत आवश्यक है। मूलत: बौद्ध मत हिन्दू धर्म के अनुरूप ही रहा और हिन्दू धर्म के भीतर ही रह कर महात्मा बुद्ध ने एक क्रान्तिकारी और सुधारवादी आन्दोलन चलाया। समााजिक क्रांति के संदर्भ में उनका जो अवदान है, उसे उजागर करना वर्तमान युग की बड़ी अपेक्षा है। ऐसा करके ही हम एक स्वस्थ समाज का निर्माण कर सकेंगे। बुद्ध ने समतामूलक समाज का उपदेश दिया। जहां राग, द्वेष होता है, वहां विषमता पनपती है। इस दृष्टि से सभी समस्याओं का उत्स है-राग और द्वेष। व्यक्ति अपने स्वार्थों का पोषण करने, अहं को प्रदर्शित करने, दूसरों को नीचा दिखाने, सत्ता और सम्पत्ति हथियाने के लिए विषमता के गलियारे में भटकता रहता है।

बुद्ध ने जन-जन के बीच आने से पहले, अपने जीवन के अनुभवों को बांटने से पहले, कठोर तप करने से पहले, स्वयं को अकेला बनाया, खाली बनाया। तप तपा। जीवन का सच जाना। फिर उन्होंने कहा अपने भीतर कुछ भी ऐसा न आने दो जिससे भीतर का संसार प्रदूषित हो। न बुरा देखो, न बुरा सुनो, न बुरा कहो। यही खालीपन का संदेश सुख, शांति, समाधि का मार्ग है। उन्होंने अप्प दीपो भव- अपने दीपक स्वयं बनने की बात कही। क्योंकि दिन-रात संकल्पों-विकल्पों, सुख-दुख, हर्ष-विषाद से घिरे रहना, कल की चिंता में झुलसना तनाव का भार ढोना, ऐसी स्थिति में भला मन कब कैसे खाली हो सकता है? कैसे संतुलित हो सकता है? कैसे समाधिस्थ हो सकता है? इन स्थितियों को पाने के लिए वर्तमान में जीने का अभ्यास जरूरी है।

न अतीत की स्मृति और न भविष्य की चिंता। जो आज को जीना सीख लेता है, समझना चाहिए उसने मनुष्य जीवन की सार्थकता को पा लिया है और ऐसे मनुष्यों से बना समाज ही संतुलित हो सकता है, स्वस्थ हो सकता है, समतामूलक हो सकता है। जरूरत है उन्नत एवं संतुलित समाज निर्माण के लिए महात्मा बुद्ध के उपदेशों को जीवन में ढालने की। बुद्ध-सी गुणात्मकता को जन-जन में स्थापित करने की। ऐसा करके ही समाज को स्वस्थ बना सकेंगे। कोरा उपदेश तक बुद्ध को सीमित न बनाएं, बल्कि बुद्ध को जीवन का हिस्सा बनाएं, जीवन में ढालें।

# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3190




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः



### काकुरो - 3189 का हल



## लॉफिंग ज़ोन

डॉक्टर ने रमन के सिर पर ड्रेसिंग करने के बाद पट्टी बाँध दी और पूछा कि चोट कैसे लगी है?

रमन- छोड़ो डॉक्टर! लंबी कहानी है।

डॉक्टर- फिर भी सुनना चाहता हूँ।

रमन- बात यह है कि पिछले हफ्ते पत्नी मायके गई हुई थी। मैं भी हवा बदलने रविवार को होटल में जा टिका। मेरे बगल के कमरे में एक खूबसूरत औरत थी। रात ग्यारह बजे उसने दरवाजा खटखटाया और माफी माँगते हुए कहा कि उसे ठंड लग रही है अगर मैं कुछ मदद कर सकूँ तो वह आभारी रहेगी। मैंने एक कम्बल दे दिया। थोड़ी देर बाद वह फिर आ गई और वही शिकायत करने लगी। मैंने उसे अपना ओवरकोट दे दिया।

आज जब मैं हथौड़ी से कील ठोंक रहा था तो अचानक मुझे समझ में आया कि उस दिन वह क्या चाह रही थी और बस, मैंने हथौड़ी अपने सिर पर दे मारी।

□ □ □


अफरीदी (शोएब से)- हम सचिन को सेंचुरी नहीं बनाने देंगे।

शोएब- मगर हम उसे रोकेंगे कैसे? वो तो फॉर्म में है।

अफरीदी- हम सौ के अंदर ही ऑल आउट हो जाएँगे।

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली- 3190



**बायें से दायें:-**

१. अमिताभ, संजीवकुमार, सचिन, हेमा, राखी, पूनम ढिल्लों की फिल्म-३
३. 'दिल मेरा कहता है' गीत वाली सुनील, हरीश, सोनाली की फिल्म-३
६. तुषार कपूर, अंतरा माली की फिल्म-३
७. 'नीले गगन के तले' गीत वाली सुनील दत्त, मुमताज की फिल्म-४
९. 'जुबलीकुमार' राजेंद्रकुमार की पहली फिल्म जिसकी नायिका गीता बाली थी-३
११. अशोककुमार, नादिरा की 'काहे जादू किया मुझको' गीत वाली फिल्म-३
१३. सुपर हिट फिल्म 'शोले' में धर्मेन्द्र के किरदार का नाम क्या था-२
१५. कुमार गौरव, शरनाज की 'जिंदगी कब तुम को' गीत वाली फिल्म-३
१७. 'आजा आजा मैं हूँ प्यार' गीत वाली शम्मीकपूर, आशा की फिल्म-३,३
१८. सतीश कौल, सरिता की बी. आर इशारा निर्देशित १९७४ की एक फिल्म-३
१९. 'चोरी चोरी कोई आए' गीत वाली फारूख शेख, पूनम का फिल्म-२
२०. गोविंदा, रवीना की 'तेरे प्यार ने ये क्या कर दिया' गीत वाली फिल्म-३
२२. 'दुनिया में कितना' गीत वाली राजेश खन्ना, स्मिता पाटिल की फिल्म-३
२४. मनोज बाजपेयी, उर्मिला की जोड़ी वाली रामगोपाल वर्मा की एक फिल्म-२
२५. 'आधा है चंद्रमा रात आधी' गीत वाली महीपाल, संध्या की फिल्म-४
२६. विनोद मेहरा, मौसमी की 'तेरे नैनों के मैं दीप' गीत वाली फिल्म-४
२७. 'हम' में नायिका किमी काटकर के किरदार का नाम क्या था-२
२८. बलराज साहनी, लीला की 'हाये रे वो दिन क्यूं ना' गीत वाली फिल्म-४

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'तिरछी टोपी वाले' गीत वाली फिल्म-३
२. आमिर खान, ग्रेसी सिंह की फिल्म-३
३. 'एहसान मेरे दिल पे तुम्हारा है' गीत वाली सुनीलदत्त, साधना की फिल्म-३
४. गीफा अवार्ड्स में किस को फिल्म 'रंग दे बसंती' के लिये सर्वश्रेष्ठ संगीतकार का पुरस्कार मिला था-४
५. ओमपुरी, शबाना आजमी, माधुरी की सुधीर मिश्रा निर्देशित फिल्म-३
८. बी. आर. इशारा निर्देशित विजय अरोड़ा, रीना राय की १९९२ की एक फिल्म-४
१०. जिमी, उदय चोपड़ा, इरफान, नम्रता की 'राहें लहरा के हम से' गीत वाली फिल्म-३
१२. 'रंग और नूर की बारात किसे' गीत वाली सुनीलदत्त, मीना की फिल्म-३
१४. मिथुन, सारिका की 'साथी है हम जनमों के' गीत वाली फिल्म-३
१६. 'दिल लूटने वाले जादूगर' गीत वाली रंजन, चित्रा जयश्री की फिल्म-३
१७. मिथुन, चंकी, ऋतुपर्णा, सोमी की 'जब मैंने तेरा' गीत वाली फिल्म-३,२
१९. फिल्म 'बंदिवी' की नायिका कौन थी-३
२१. अजय देवगन, ट्विंकल खन्न की 'बेईमान पिया रे' गीत वाली फिल्म-२
२२. फिरोज खान, मुमताज की फिल्म-४
२३. विनोद खन्ना, आमिर, सैफ, अश्विनी भावे, रवीना, नीलम की 'हम बंजारे दिल नहीं देते' गीत वाली फिल्म-४
२६. जितेन निर्देशित मिथुन चक्रवर्ती, राखी, नीता मेहता की १९८६ की एक फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 3189



## सूडोकु -3190


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | | 7 | | 1 | | | 3 |
| 3 | | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | | 4 |
| 1 | | | 4 | | 6 | | 9 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -3189 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 | 3 | 1 |
| 5 | 1 | 6 | 3 | 2 | 9 | 4 | 8 | 7 |
| 3 | 4 | 8 | 7 | 1 | 5 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 3 | 4 | 9 | 5 | 1 | 2 | 7 | 6 |
| 7 | 6 | 5 | 8 | 4 | 2 | 3 | 1 | 9 |
| 1 | 9 | 2 | 6 | 3 | 7 | 8 | 5 | 4 |
| 6 | 7 | 3 | 2 | 9 | 8 | 1 | 4 | 5 |
| 2 | 8 | 1 | 5 | 7 | 4 | 6 | 9 | 3 |
| 4 | 5 | 9 | 1 | 6 | 3 | 7 | 2 | 8 |

## शब्द पहेली - 3190



**बाएँ से दाएँ**

1.पदमाकर,कमल सरोवर-5
4.इस्लामी धर्म ग्रंथ-3
6.देवस्थान,मंदिर-2
7.शिव आवास-3
8.उत्तम,सज्जन-2
10.पति,शोहर-3
11.दमकना-4
14.टीस,पीड़ा-3
16.झरने की आवाज-4
17.आशा,इच्छा-2
18.संध्या,शाम-2
19.निराकार,भगवान-4
21.बुझाना,शांति-3
22.अभिप्राय-4
24.आंचल-3
25.घोड़ागाड़ी-2
27.उष्ण-3
28.पिता के पिता-2
29.पंक्ति-3
30.तहजीबदार-5

**ऊपर से नीचे**

1.कथा कहने वाला-5
2.चित,जी-2
3.कार्यशाला,यंत्रालय-4
4.माहिर,दक्ष-3
5.आकाश,गगन-2
7.कारावास-2
9.योग्य-3
12.अनुमान,अंदाज-3
13.झगड़ा,कहासुनी-4
15.मुगल सम्राट जहांगीर का एक नाम-3
16.पक्षियों का शोर-4
17.राहत, विश्राम -3
18.मुसीबत, आफत -3
20.होशियार, चेतावनी-5
21.नगर-3
22. संजीव कुमार व लीना चंदावरकर अभिनीत फिल्म
23.मगरमच्छ-3
24.दर,मूल्य-2
26.भूमि,धरती-2
28.पिता के पिता-2

### शब्द पहेली -3189 का हल



# दनकौर का सरकारी अस्पताल बंद होने की कगार पर

## करप्शन फ्री इंडिया ने डीएम कार्यालय पर किया प्रदर्शन



जेवर। बुधवार को करप्शन फ्री इंडिया संगठन के कार्यकर्ताओं ने सूरजपुर स्थित जिला मुख्यालय पर प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग की उपेक्षा के शिकार दनकौर स्थित सरकारी अस्पताल की समस्याओं के संबंध में करप्शन फ्री इंडिया संगठन के लोगो ने युवा जिला अध्यक्ष गौरव भाटी के नेतृत्व में प्रदर्शन कर जिलाधिकारी के नाम ज्ञापन सौपा। प्रशासनिक अधिकारी अरविंद कुमार को सौंपकर जल्द से जल्द अस्पताल की समस्याओं के निवारण की मांग की।

करप्शन फ्री इंडिया संगठन के संस्थापक चौधरी प्रवीण भारतीय व मास्टर दिनेश नागर ने बताया कि ग्रेटर नोएडा के प्रमुख कस्बा दनकौर स्थित सरकारी अस्पताल में जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग के लापरवाह रवैया के कारण विभिन्न समस्याओं से क्षेत्र के लोगों को दो-चार होना पड़ रहा है।

इस भीषण गर्मी के मौसम में क्षेत्र के बुजुर्ग ग्रामीण एवं गरीब किसान मजदूर पैदल चलकर अपने इलाज कराने के लिए दनकौर के सरकारी अस्पताल पहुंचते हैं। लेकिन वहां पर समस्याओं के कारण लोगों को इलाज नहीं मिल पा रहा है। चौधरी प्रवीण भारतीय ने बताया कि दनकौर के सरकारी अस्पताल में इमरजेंसी में किसी डॉक्टर की उपलब्धता नही है,महिला डॉक्टर नही है जो है वो आती नही है।

### रात्रि में डॉक्टर की उपलब्धता नही

साफ सफाई की बहुत बड़ी समस्या है सफाई कर्मचारी साफ सफाई नही करता। जिससे गंदगी का अंबार लगा रहता है। नसबंदी की सुविधा बंद कर दी गई है, हॉस्पिटल में कोई इंचार्ज नही है जो अच्छे से व्यवस्थाएं स्थापित कर सके, ज्यादातर डॉक्टरों का डाढा ट्रांसफर कर दिया गया है, दवाइयों के नाम पर केवल कुछ गिनी चुनी ही दवाइयाँ उपलब्ध। रात्रि में डॉक्टर की उपलब्धता नही हैं।

### हजारों गरीब मजदूर मध्य वर्ग के लोग इलाज के लिए आते हैं

अस्पताल का भवन जर्जर हो चुका है। प्रवीण भारतीय ने बताया कि रोजाना यहां पर हजारों गरीब मजदूर मध्य वर्ग के लोग इलाज के लिए आते है।

लेकिन डॉक्टरों की कमी से उन्हें अच्छा इलाज नहीं मिल पाता। प्रवीण भारतीय ने बताया की इन सभी समस्याओं का ज्ञापन के माध्यम से तत्काल समाधान कराने की मांग जिलाधिकारी मनीष वर्मा से की गई।

### जिला मुख्यालय पर अनिश्चित कालीन धरना देने की चेतावनी दी

कहा कि यदि जल्द इन समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो करप्शन फ्री इंडिया संगठन व क्षेत्र के लोग जिला मुख्यालय पर अनिश्चितकालीन धरना देंगे। इस दौरान मास्टर दिनेश नागर, राकेश नागर, कुलबीर भाटी, गौरव भाटी, श्रवण नागर, हरीश भाटी,राम नागर, तेजवीर चौहान, पिंटू मास्टर, संदीप भाटी, गगन प्रकाश, कपिल एडवोकेट, निखिल बंसल, दीनदयाल एडवोकेट आदि लोग उपस्थित रहे।

## नोएडा की एक फर्नीचर कंपनी में भीषण आग

नोएडा। नोएडा के सेक्टर 67 स्थित एक फर्नीचर कंपनी में बुधवार को भीषण आग लगने की सूचना मिली। आग लगने की वजह से लाखों का सामान जलकर खाक हो गया। कंपनी में ऑफिस के लिए फर्नीचर बनाने का काम होता है। जानकारी के लिए बता दें कि आग लगने की सूचना दोपहर करीब साढ़े 12 बजे मिली थी। जिसके बाद सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम घटनास्थल के लिए रवाना हो गई। जिसके बाद मौके पर पहुंची पांच दमकल की गाड़ी आग बुझाने में जुटी हैं। अभी तक 80 प्रतिशत आग बुझा दी गई है। बेसमेंट में बनी गोदाम में एसी के शॉर्ट सर्किट से आग भड़की थी। जो पास रखे प्लाई बोर्ड तक पहुंच गई।

## नोएडा जिला अस्पताल के बेसमेंट में लगी आग

नोएडा। नोएडा सेक्टर 39 स्थित जिला अस्पताल के बेसमेंट में बुधवार तड़के करीब चार बजे सर्वर रूम में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। आग लगने के कारण सर्वर रूम में रखी बैटरी जलकर राख हो गई। सूचना पर अस्पताल की सीएमएस डॉक्टर रेनू अग्रवाल भी मौके पर पहुंचीं। उन्होंने मामले की सूचना दमकल विभाग को दी। मौके पर पहुंची दमकल विभाग की टीम ने करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया है। गनीमत रही कि जिस जगह पर घटना हुई वहां कोई मरीज मौजूद नहीं था, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था।

### सीएफओ बोले- सूचना पर 8 गाड़ियां तत्काल भेजी गईं

सीएफओ प्रदीप चौबे ने बताया कि आग लगने की सूचना मिलते ही मौके पर 8 गाड़ियों को रवाना किया गया। आग अस्पताल के बेसमेंट के सर्वर रूम में लगी थी। यहां करीब 25 दिन पहले ही बैटरी को चेंज किया गया था। शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लगी। उन्होंने बताया कि जैसे ही आग की धुआं फर्स्ट फ्लोर तक पहुंचा उससे पहले ही आग पर काबू पा लिया गया। साथ ही स्मोक को वेंटिलेशन के जरिए बाहर निकाला गया। आग से कोई जन हानि नहीं हुई है।

### इमरजेंसी और आईसीयू से 25 मरीजों को शिफ्ट किया गया

अस्पताल के फर्स्ट फ्लोर पर इमरजेंसी वार्ड है। जैसे ही हल्का स्मोक हुआ। अस्पताल के स्टॉफ और डॉक्टरों ले मिलकर 25 मरीजों को दूसरे फ्लोर पर शिफ्ट कर दिया। इसमें आईसीयू के मरीज भी शामिल है। मरीजों को किसी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं हुई। सीएफओ ने बताया कि आग बुझाने के लिए फायर एस्टिंग्यूशर का ही प्रयोग किया गया। आग को पूरी तरह से बुझा दिया गया।

# किसानों की ओर से लखनऊ में पैरवी करेगा प्राधिकरण

## मांगों को लेकर प्राधिकरण की हुई बैठक, किसानों ने दोबारा मांगों से कराया अवगत

नोएडा। किसानों की मांगों को लेकर लखनऊ में आईडीसी और प्राधिकरण चेयरमैन के साथ एक बैठक होनी है। इस बैठक में तीनों प्राधिकरण के सीईओ और अन्य अधिकारी शामिल होंगे। जिसका एजेंडा किसानों की मांगों के अनुरूप रिपोर्ट तैयार कर राजस्व परिषद के अध्यक्ष को सौंपना है। वहां से मिले निर्देश के बाद किसानों की मांगों का निपटारा नोएडा ग्रेटरनोएडा और यमुना क्षेत्र में किया जाएगा। इससे पहले एक बैठक बुधवार को नोएडा प्राधिकरण में किसानों के दूसरे गुट भारतीय किसान परिषद के प्रतिनिधि मंडल के साथ हुई। भारतीय किसान परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखवीर ख़लीफ़ा ने बताया कि ये बैठक प्राधिकरण अधिकारियों सीईओ लोकेश एम और ओएसडी के साथ हुई। इससे पहले किसानों की हाई



लेवल मीटिंग राजस्व परिषद के अध्यक्ष, मेरठ मंडल आयुक्त, डीएम गौतम बुध नगर तीनों प्राधिकरण के सीईओ के साथ हो चुकी है। आज उन्हें मांगों के संदर्भ में और विस्तार से चर्चा की गई। प्राधिकरण अधिकारियों ने बताया कि 2 दिन बाद किसानों के मुद्दे को लेकर वह लखनऊ जा रहे है। वहां पर उनकी मांगों को लेकर चर्चा करेंगे।

इनमें विशेष रूप से 1997 से सभी किसानों को 64.7 प्रतिशत का मुआवजा , 10 प्रतिशत के प्लाट, मूल 5 प्रतिशत के प्लाट, आबादी का संपूर्ण निपटारा और 100 प्रतिशत उठे हुए मुआवजा में 10 प्रतिशत जमा करके उनको आगे बढ़ाया जाए। पुश्तैनी- गैर पुश्तैनी का भेद खत्म किया जाए। किसान के 5 प्रतिशत के प्लाट में कॉमर्शियल गतिविधि के परमिशन दी जाए। अधिकारियों ने कहा कि अब हम किसानों के तरफ से लखनऊ में आपकी पैरवी कर रहे और आगे भी करेंगे। जल्द ही समस्याओं का समाधान निकलेगा।

बता दे मांगों को लेकर भारतीय किसान परिषद ने विगत में दिल्ली कूच का ऐलान किया था। जिसके बाद एक्सप्रेस वे पर किसानों ने प्रदर्शन किया। इस दौरान ही पुलिस कमिश्नर ने किसानों को आश्वस्त करते हुए हाई पावर कमेटी बनाने की बात कही थी। जिसके अध्यक्ष राजस्व परिषद के अध्यक्ष है। दरअसल किसानों की मांग के अनुरूप यदि उन्हें 10 प्रतिशत विकसित लैंड की जगह मुआवजा दिया जाएगा तो ये अमाउंट कई हजार करोड़ में आता है। ऐसे में निपटारा हाई पावर कमेटी के निर्देश पर ही किया जाएगा। जिसको लेकर लगातार बैठक की जा रही है।

# नोएडा के 27 बिल्डर की प्रॉपर्टी का सर्वे पूरा

## अमिताभ कांत सिफारिश के तहत नहीं जमा कराए पैसे, 12 बिल्डर पर 1696 करोड़ बकाया



नोएडा। नोएडा प्राधिकरण में 27 ऐसे बिल्डर है जिनकी परियोजना में खाली फ्लैट, प्लाट, दुकान धरोहर राशि का सर्वे किया गया। इसकी एक डिटेल बना गई।

ये सर्वे सर्किल वार किया गया। इस महीने तक ये बिल्डर अमिताभ कांत की सिफारिश के तहत 25 प्रतिशत पैसा जमा नहीं करते तो इनकी प्रॉपर्टी को सील किया जाएगा।

इसमें 12 बिल्डर ऐसे है जिन्होंने अमिताभ कांत की सिफारिश के तहत न तो सहमति दी और न ही ये प्राधिकरण की ओर से आयोजित बैठक का हिस्सा बन रहे है। इन पर करीब 1696 करोड़ से ज्यादा का बकाया है।

आकडों को देखे तो नोएडा में 57 में से 22 बिल्डरों ने 25 प्रतिशत धनराशि रुपए 173.77 करोड़ जमा करा दी है। इन 20 बिल्डरों से नोएडा प्राधिकरण को लगभग रुपए 450 करोड़ मिलेगा। 4 बिल्डरों द्वारा कुल 25 प्रतिशत धनराशि 83.47 करोड़ में आंशिक धनराशि 53.68 करोड़ जमा कराई। 18 ऐसे बिल्डर है जिन्होंने 25 प्रतिशत धनराशि जमा कराने के लिए सहमति दी है। जिन बिल्डरो ने 25 प्रतिशत रकम दी उनसे कुल 1604 रजिस्ट्री होंगी।

प्राधिकरण ने 01 मार्च, 29 अप्रैल और 08 मई को अलग अलग स्थानों पर कैंप लगाकर 530 रजिस्ट्री कराई।

### 12 बिल्डर जो न तो बैठक में आए और न ही सहमति दी

इन 12 बिल्डरों को प्राधिकरण की ओर से नोटिस जारी किया गया। जिसका जवाब भी अब तक नहीं दिया गया। ऐसे में इनकी प्रॉपर्टी का सर्वे कराया गया । ताकि इनको सील कर प्राधिकरण बकाया निकाले और रजिस्ट्री खोली जा सके।

प्राधिकरण एसीईओ वंदना त्रिपाठी ने बताया इन बिल्डरों की जो भी खाली इनवेंट्री प्रॉपर्टी है उसको सील किया जाएगा। ताकि बकाया मिल सके और रजिस्ट्री शुरू हो सके।

**12 बिल्डर जो न तो बैठक में आए और न ही सहमति दी**

| | |
|---|---|
| टीबी इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड | 55.27 करोड़ |
| एमपीजी रियेल्टी प्राइवेट लिमिटेड | 38.92 करोड़ |
| एजीसी रियल्टी प्राइवेट लिमिटेड | 20.80 करोड़ |
| सिविटेक डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड | 8.77 करोड़ |
| मनीषा किबी प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड | 0.38 करोड़ |
| आईवीआर प्राइम | 659.92 करोड़ |
| एसोटेक लिमिटेड | 267.80 करोड़ |
| एसोटेक कांट्रैक्टस लिमिटेड | 189.88 करोड़ |
| आर जी रैजिडेंस प्राइवेट लिमिटेड | 170.10 करोड़ |
| गार्डेनिया इंडिया प्राइवेट लिमिटेड | 111.84 करोड़ |
| फ्यूटेक शेल्टर प्राइवेट लिमिटेड | 114.71 करोड़ |
| एवीपी बिल्डटैक प्राइवेट लिमिटेड | 58.38 करोड़ |

**एनसीएलटी और कोर्ट केस वाले बिल्डर में की जाएगी पैरवी**

| | |
|---|---|
| यूनीटेक | 10 हजार करोड़ |
| आम्र पाली | 3576 करोड़ |
| सुपर टेक लिमिटेड | 612 |
| आईवीआरसी | 248 करोड़ |
| ग्रेनाइट गेट प्रॉपर्टी | 985 करोड़ |
| लॉजिक्स इंफ्रा-टेक | 727 करोड़ |
| लाजिक्स सिटी डेवलपर्स | 630 करोड़ |
| थ्री सी | 541 करोड़ |

### एनसीएलटी और कोर्ट केस वाले बिल्डर में की जाएगी पैरवी

अमिताभ कांत की सिफारिश में कोर्ट केस और एनसीएलटी में जा चुके बिल्डर प्रोजेक्ट शामिल नहीं है। जबकि सबसे ज्यादा बकाया इन बिल्डर पर है।

इन पर करीब 20 हजार करोड़ के आसपास का बकाया है। इसके लिए प्राधिकरण अब मजबूत पैरवी करने की बात कर रहा है।

# प्राधिकरण के अधिकारियों ने किया निरीक्षण



एजेंसी

गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा की सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर अभियान चलाया जा रहा है। प्राधिकरण के ओएसडी संतोष कुमार बीटा वन व टू की सफाई व्यवस्था का जायजा लेने पहुंचे।

सेक्टर बीटा टू के निवासियों ने बताया कि गारबेज कलेक्शन के लिए वाहन प्रतिदिन नहीं आ रहा, जिससे सफाई व्यवस्था प्रभावित हो रही है। ओएसडी ने कॉन्ट्रैक्टर मैसर्स ब्लू प्लेनेट इनवायर्नमेंटल सोल्यूषंस को रोस्टर बनाकर नियमित गारबेज उठवाने के निर्देश दिए। इसी सेक्टर के गेट नंबर-5 के पास आई ब्लॉक में गंदगी दिखी। निवासियों ने बताया कि सफाईकर्मी नियमित रूप से नहीं आते।

**बीटा टू में सफाई व्यवस्था ठीक न होने पर जताई नाराजगी, रोस्टर बनाकर लगेगी ड्यूटी**

### आगे भी जारी रहेगा अभियान

इस पर ओएसडी ने दोबारा शिकायत मिलने पर कॉन्ट्रैक्टर मैसर्स साईनाथ सेल्स एवं सर्विसेज के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की बात कही।

वहीं, ओएसडी के औचक निरीक्षण का असर भी दिखने लगा है। सेक्टर बीटा वन में निवासियों ने सफाई व्यवस्था पर संतोष जाहिर किया। ओएसडी संतोष कुमार ने कहा है कि शहर की सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए बिना पूर्व सूचना के औचक निरीक्षण का अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# गाजियाबाद में ताला बंद कमरे में मिली युवक की लाश

गाजियाबाद। गाजियाबाद के विजयनगर इलाके के एक घर में मंगलवार रात को युवक की लाश मिली। कमरे में बाहर से ताला बंद था, अंदर डेड बॉडी पड़ी थी। पुलिस हत्या की आशंका जता रही है। इस कमरे में दो युवक शुभम और प्रेम किराए पर रहते थे। दोनों पास की एक फैक्ट्री में काम करते थे।

मंगलवार की रात को जब मकान मालिक का लड़का किराया लेने गया तो कमरे में ताला लगा था। उसने जाते-जाते खिड़की खोलकर देखा। अंदर शुभम लेटा था। कई आवाजें दीं। फिर भी नहीं उठा। उसने अपने पिता को बुलाया। काफी आवाजें देने के बाद मकान मालिक को दरवाजा तोड़ना पड़ा। शुभम मृत अवस्था में मिला। पुलिस को सूचना दी गई। फिलहाल उसी कमरे में रहने वाला दूसरा किराएदार प्रेम फरार है।

विजयनगर थाना क्षेत्र के अंबेडकर नगर गली नंबर-3 में एक मकान में शुभम और प्रेम रहते थे। दोनों एक कमरे में किराए पर रहते थे और पास में ही एक प्राइवेट फैक्ट्री में काम करते थे।

मंगलवार रात करीब 8 बजे मकान मालिक का बेटा किराया लेने शुभम के पास गया। कमरे पर ताला लगा हुआ था। उसने खिड़की से झांककर देखा तो अंदर शुभम लेटा हुआ था।

# गाजियाबाद में 50-50 हज़ार रुपए के तीन इनामी चोर गिरफ्तार

## मोबाइल टॉवर के चोरी का 60 लाख का माल बरामद कई राज्य में की थी चोरी

गाजियाबाद। गाजियाबाद क्राइम ब्रांच पुलिस टीम ने मोबाइल टावर से महंगा समान चोरी करने वाले 50-50 हजार के तीन इनामी बदमाशो को गिरफ्तार किया है। यह सभी मोबाइल टावरों से महंगे सामान चोरी करते थे। यह चोर दिल्ली-एनसीआर, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, बिहार, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश में वारदातों को अंजाम दिया करते थे। चोरी के माल को दुबई भेजा जाता था।

मोबाइल टावर से बैटरी और आर-आर यूनिट चोरी होने के लगातार मामले सामने आ रहे थे। गाजियाबाद मे एडिशनल डीसीपी क्राइम ब्रांच सच्चिदानंद ने बताया कि पूर्व में 3 मई





को इस गैंग के 6 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। जिनके कब्जे से मोबाइल टावरों पर से चोरी किया हुआ करोड़ों रुपए का माल भी बरामद किया गया था। गैंग में कुल 13 सदस्य थे 7 सदस्य फरार चल रहे थे। जिन सभी पर 50-50 हज़ार का इनाम घोषित कर दिया गया था। उसी कड़ी में तीन अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। जिनके नाम नईम,वसीम और अल्ताफ है। एडीसीपी सच्चिदानंद ने बताया कि इस गैंग का सरगना जावेद है जो यूपी के ही मुजफ्फरनगर का रहने वाला है और फिलहाल दुबई में बैठकर गैंग को ऑपरेट कर रहा है।

### जावेद पर भी 50000 का इनाम घोषित

गिरफ्तारी के लिए भी क्राइम ब्रांच पुलिस द्वारा कार्रवाई की जा रही है। जावेद पर भी 50000 का इनाम घोषित किया जा चुका है। जावेद के भाई नईम को क्राइम ब्रांच पुलिस द्वारा आज गिरफ्तार कर लिया गया है। यूपी के अलग-अलग जिलों के अलग-अलग स्थान में इस तरह के मुकदमे दर्ज हैं। गाजियाबाद के अंदर भी 300 से ज्यादा टावर से चोरी की गई है।

# शार्ट न्यूज

## होटल ले जाकर महिला से किया दुष्कर्म

जेवर। दनकौर कोतवाली क्षेत्र के ठसराना गांव निवासी एक व्यक्ति पर अपने ही पड़ोस की महिला से वशीकरण के बहाने होटल में ले जाकर दुष्कर्म करने का आरोप लगा है। इस मामले में पीड़ित महिला के पति की शिकायत पर पुलिस ने बुधवार को आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पीड़ित महिला के पति ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि वह पढ़ाई के सिलसिले में गांव से बाहर रहते हैं। जिनकी पत्नी और परिवार के अन्य लोग गांव में ही रहते हैं। उनका आरोप है कि करीब 7 महीने पहले उनके ही गांव का एक व्यक्ति उनकी पत्नी को परिवार के कुछ लोगों पर वशीकरण करने के बहाने घर से बाहर ले गया। आरोप है कि उसने एक होटल में उसकी पत्नी के साथ दुष्कर्म किया। विरोध करने पर आरोपी ने पीड़ित को शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दे डाली। जिसके चलते पीड़ित ने घर पहुंचकर घटना के बारे में नहीं बताया। पीड़ित का कहना है कि आरोपी के दुष्कर्म करने की वजह से उनकी महिला 7 महीने की गर्भवती भी है। जब पीड़ित करीब 6 दिन पहले घर पहुंचे तो उन्होंने पत्नी के पेट में पल रहे बच्चे के बारे में जानकारी की तो बताया कि पड़ोस के ही एक व्यक्ति ने उसके साथ दुष्कर्म किया है।

## भाजपा पार्षद की गिरफ्तारी पर हंगामा

गाजियाबाद। गाजियाबाद में खोखा पलटने और दंपति को पीटने के मामले में गिरफ्तार हुए भाजपा पार्षद सुधीर कुमार पर पुलिस कार्रवाई के विरोध में बुधवार को पार्टी के अन्य पार्षदों ने हंगामा किया। वे देर शाम पुलिस कमिश्नर से मुलाकात करने के लिए जा रहे थे। डीसीपी सिटी ने उनको रास्ते में ही रोक दिया। इसे लेकर पार्षदों और डीसीपी के बीच खूब नोकझोंक भी हुई। इधर, पूरे प्रकरण में गाजियाबाद की मेयर सुनीता दयाल का अजीबोगरीब बयान सामने आया है। उन्होंने कहा है कि जितने बड़े आरोप उस पर लगा दिए गए, वो ऐसा पार्षद नहीं है। बड़ा शरीफ पार्षद है। सोशल मीडिया पर मेयर के इस बयान की खूब आलोचना हो रही है। राम उदगम यादव और सीता देवी गाजियाबाद में WSM मॉल की सर्विस रोड पर गुमटी में कोल्ड ड्रिंक, पानी बोतल, नमकीन बेचते हैं। सीता के मुताबिक, 19 मई की रात पार्षद सुधीर कुमार, उनके भाई संदीप कुमार आए। उन्होंने कुछ सामान खरीदा और पैसे नहीं दिए। मैंने पैसे मांगे तो पार्षद ने फोन करके अपने कुछ समर्थक बुलवा लिए। उन सभी ने गुमटी को तहस-नहस कर डाला और हमारे साथ मारपीट करते हुए तीन हजार रुपए लूटकर ले गए। सीता की शिकायत पर थाना साहिबाबाद पुलिस ने गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज करते हुए मुख्य आरोपी पार्षद सुधीर कुमार को 21 मई को गिरफ्तार कर लिया।

## फर्जी एप से बुजुर्ग से ठगे 18 लाख वापस कराए

ग्रेटर नोएडा। पुलिस ने सेक्टर अल्फा-2 निवासी बुजुर्ग (70) की जमा पूंजी साइबर ठगों के हाथों में जाने से बचा ली। पीड़ित और पुलिस की सतर्कता से फर्जी शेयर मार्केटिंग एप के जरिये की गई 18.16 लाख रुपये वापस करा लिए गए। थाना बीटा-2 क्षेत्र के सेक्टर अल्फा-2 निवासी बुजुर्ग बड़ी ऑटोमोबाइल कंपनी से रिटायर हुए थे। कुछ दिनों पहले फर्जी शेयर ट्रेडिंग एप के प्रतिनिधियों ने उन्हें फोन पर संपर्क किया। निवेश पर मुनाफे का लालच देकर उनका अकाउंट खुलवा दिया गया। लालच में आकर उन्होंने आईपीओ में पैसा लगा दिया। साइबर ठगों ने उनके खाते में अच्छा खासा लाभ दिखाया। लालच आने पर धीरे-धीरे कर करीब 18 लाख रुपये निवेश कर दिए। इस बीच जरूरत पड़ने पर बुजुर्ग ने पैसे निकालने की कोशिश की। इस पर ट्रेडिंग एप की ओर से कहा गया कि रकम पर आयकर भरना है वह 18 लाख के हिसाब से आयकर जमा कर दें। एप पर आयकर की रकम जमा करने के बाद उनसे सिक्योरिटी फीस जमा करने को कहा गया। यह सुनकर उन्हें शक हुआ। उन्होंन एप वालों से बहस नहीं कर पूरी बात थाना बीटा-2 की साइबर सेल को बताई। इसके बाद साइबर सेल वालों ने एप को सर्विलांस पर ले लिया। पुलिस ने बैंक से संपर्क कर पैसों का ट्रांजेक्शन रुकवाया। पीड़ित के 18.16 लाख रुपये खाते में वापस करा दिए। पीड़ित बुजुर्ग ने पुलिस का कार्यालय पहुंच कर आभार भी व्यक्त किया।

## ग्रेनो में करोड़ों की जमीन कब्जा मुक्त कराई

ग्रेटर नोएडा। प्राधिकरण ने बुधवार को रूपवास बाईपास के पास रोड की जमीन को कब्जा मुक्त कराया। यह जमीन रोड के लिए प्रस्तावित है, जो रूपवास बाईपास को एनएच-91 से जोड़ेगी। इसके साथ ही धूम मानिकपुर में भी उद्योगों के लिए आरक्षित जमीन को कब्जा मुक्त कराया गया। दोनों जगहों पर लगभग 31 हजार वर्ग मीटर जमीन को खाली कराया गया। कब्जा मुक्त कराई गई जमीन की अनुमानित कीमत लगभग 62 करोड़ रुपये है।सीईओ एनजी रवि कुमार ने अधिसूचित एरिया में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। परियोजना विभाग अतिक्रमण हटाने की लगातार कार्रवाई कर रहा है। बुधवार को वर्क सर्किल दो की टीम ने रूपवास बाईपास और धूम मानिकपुर में अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की। रूपवास बाईपास के पास जमीन पर भूमाफिया अवैध कॉलोनी विकसित करने की कोशिश कर रहे थे। टीम ने एनएच-91 से जुड़ने वाले रास्ते की 7500 मीटर जमीन खाली करा ली। धूम मानिकपुर के खसरा नंबर 1220, 1222, 1239 और 1244 की जमीन पर भी अतिक्रमण किया जा रहा था। वर्क सर्किल दो की टीम ने प्राधिकरण के सुरक्षाकर्मियों की मदद से इन खसरा नंबरों की 23660 वर्ग मीटर जमीन को भी अतिक्रमण से मुक्त करा लिया। परियोजना विभाग के महाप्रबंधक व ओएसडी हिमांशु वर्मा ने चेतावनी दी है कि प्राधिकरण की अधिसूचित एरिया में जमीन कब्जाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

## मुठभेड़ में गोली लगने से दो बदमाश घायल

ग्रेटर नोएडा। बिसरख कोतवाली पुलिस और बाइक सवार दो बदमाशों के बीच बुधवार की रात मुठभेड़ हो गई। इस दौरान पैर में गोली लगने से दोनों बदमाश घायल हो गए। पुलिस ने उनके पास से घटना में प्रयुक्त एक बाइक और सोने की चेन बरामद की।बिसरख पुलिस ने चेकिंग के दौरान अजनारा गोल चक्कर के पास एक बाइक सवार दो संदिग्ध व्यक्ति को रुकने का इशारा किया। पुलिस को देखकर बदमाश बाइक वापस मोड़कर भागने लगे। उनका पीछा करने पर आरोपियों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से अवैध असलाह से फायर किया। पुलिस द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई में बदमाश सोनू निवासी बाजपट्टी सीतामढ़ी बिहार वर्तमान पता ग्राम सदरपुर और समीर खान निवासी अडारी बाजार थाना दीपुर खगड़िया बिहार वर्तमान पता भट्टा कॉलोनी, ग्राम सलारपुर, थाना सेक्टर-39 नोएडा पैर में गोली लगने के कारण घायल हो गए। इसके बाद दोनों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस पूछताछ में बदमाशों ने बताया कि उनके द्वारा एक महिला से करीब 19 दिन पहले राधा स्काई गार्डन सोसाइटी के गेट के सामने से छीनी गई थी और बाइक उनके द्वारा तिलकनगर दिल्ली से चोरी की गई थी। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि पकड़े गए बदमाश सोनू के खिलाफ दिल्ली एनसीआर के विभिन्न थानों में दस से अधिक मुकदमे दर्ज हैं।

## कार की टक्कर से बाइक सवार तीन लोग घायल

नोएडा। सेक्टर-23 बिजलीघर के पास कार ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। उनका निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। घायलों के परिजनों ने सेक्टर 24 थाने में केस दर्ज कराया है।पुलिस को दी गई शिकायत में सेक्टर-56 निवासी अभिजीत आंशू ने बताया कि 20 मई की रात को दस बजे उनके जीजा शरद शर्मा, उनकी बहन इला आंशु को दांत के डॉक्टर को दिखाकर वापस आ रहे थे। इस दौरान जब वह सेक्टर-23 बिजलीघर के पास पहुंचे थे तो तेज रफ्तार कार ने बगल से उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक पर सवार उनकी दीदी और जीजा के साथ ही उनका भांजा ईशान गंभीर रूप से घायल हो गए। सेक्टर-11 स्थित निजी अस्पताल में तीनों लोगों का उपचार चल रहा है। जहां पर उन तीनों की हालत गंभीर बनी हुई है। अभिजीत ने बताया कि घटना के बाद आरोपी कार चालक घायलों को वहीं पर छोड़ कर भाग गया। स्थानीय लोगों और पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। अभिजीत ने बताया कि उनके बहन के कंधे और शरीर के अन्य हिस्से पर गंभीर चोटें आई हैं। वहीं, उनके जीजा और भांजे के शरीर पर भी गहरी चोटें आई हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले में दी गई शिकायत पर केस दर्ज कर लिया गया है। पुलिस को टीम घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की मदद से आरोपी कार चालक की तलाश में जुटी हैं।

# सहारनपुर में गला रेतकर छात्रा की हत्या

## आईपीएस कॉलेज से 500 मीटर दूर मिली लाश; बीपीईएस के चौथे सेमेस्टर की छात्रा था

सहारनपुर। सहारनपुर में बुधवार को छात्रा की गर्दन काटकर हत्या कर दी गई। उसकी लाश आईपीएस से 500 मीटर दूर मिली। जो खून से सनी थी। वहां से गुजर रहे राहगीरों ने पुलिस ने जानकारी दी। पुलिस पहुंची आसपास के सीसीटीवी फुटेज देखा। उसमें एक लड़का दिखाई दिया, जिसके वो रामकृष्ण इंटर कालेज के पास किसी लड़के से लड़ रही है। जाता हुआ दिखाई दिया। लेकिन उसका ठीक से चेहरा नहीं नजर आया।

### मौसेरा भाई बोला-मैं बस स्टैंड छोड़कर आया था

कुतुबशेर थानाक्षेत्र के गांव बीतिया निवासी राजेश कुमार एक किसान है। उनकी 22 साल की बेटी मानवी गंगोह आईपीएस (इंस्टीट्यूट आफ प्रोफेशनल स्टडीज) में बीपीईएस



(बेचलर आफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट) के चौथे सेमेस्टर की छात्रा थी। रादौर गांव निवासी छात्रा के मौसा के बेटे राहुल कुमार ने बताया-मंगलवार को मानवी का कालेज में पेपर था। वह पेपर देने के बाद रादौर गांव में चली गई थी। बुधवार की सुबह करीब आठ बजे राहुल ने बाइक से छात्रा को सहारनपुर बस स्टैंड पर छोड़ा था। इसके बाद राहुल कुमार लौट गया था। पुलिस बोली-सीसीटीवी में किसी लड़के साथ दिखी गंगोह थाना प्रभारी एचएन सिंह ने बताया-उनके पास हत्या की 10 बजे सूचना आई, जिसके बाद पहुंचे तो पता चला कि छात्रा के साथ एक युवक था। युवक और छात्रा दोनों रामकृष्ण मेहता इंटर कॉलेज के पास एक खाली पड़े प्लाट में पहुंचे। यहां पर दोनों के बीच कुछ कहासुनी हुई। मारपीट भी हुई। इसके बाद छात्रा का गला काटकर हत्या कर दी। आसपास के सीसीटीवी फुटेज को खंगाला, तो एक युवक छात्रा के साथ दिख रहा है। घटनास्थल आईपीएस कालेज से मात्र 500 मीटर की दूरी पर है।

आखिर कौन था युवक, क्या है हत्या का कारण पुलिस ने छात्रा मानवी की हत्या के राजफाश का प्रयास शुरू कर दिया है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि छात्रा के साथ युवक कौन था और उसका छात्रा के साथ क्या रिश्ता था। अकेले ही युवक ने वारदात को अंजाम दिया है या फिर उसके साथ कोई और भी था। हत्या का आखिर क्या कारण है। इन सभी बिंदुओं को लेकर पुलिस जांच में जुटी है।

फोरेंसिक टीम ने भी उठाए नमूने छात्रा की हत्या के बाद एसएसपी ने मौके पर फोरेंसिक टीम को भी बुलाया। फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से नमूने उठाए है। वारदात में चाकू इस्तेमाल किया गया या फिर कोई अन्य हथियार का प्रयोग हुआ है। फोरेंसिक टीम इसका पता करने में जुटी है।

एक छात्रा की गर्दन काटकर हत्या की गई है। छात्रा की पहचान बीतिया गांव की रहने वाली के रूप में हुई है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर वारदात का राजफाश करने की कोशिश की जा रही है। दो टीमों को लगा दिया है। जल्द ही राजफाश होगा।

# पुलिस पर हमला करने वाले दो गिरफ्तार

हाथरस। हाथरस में पुलिस टीम पर फायरिंग करने के दो आरोपियों को अवैध हथियारों के साथ पुलिस ने गिरफ्तार किया है। अवैध खनन कर रहे इन लोगों ने पुलिस पर हमला कर दिया था और पुलिस जैसे-तैसे जान बचाकर भाग कर आई थी। पुलिस अन्य आरोपियों की भी तलाश कर रही है।

बता दें कि सिकंद्राराऊ कोतवाली पुलिस को कल यह सूचना मिली थी कि नगला मनी के निकट कुछ लोग मिट्टी का अवैध खनन कर रहे हैं। इस पर पुलिस वाहन मौके पर पहुंच गया ता और दो ट्रैक्टर ट्राली व एक पट्टा मशीन को अपने कब्जे में लेकर जब वहां से लौट रहे थे तो अवैध खनन में लिप्त लोगों ने पुलिस पर हमला बोल दिया था।

### हमले में महिलाएं भी थीं शामिल

इनमें महिलाएं भी शामिल थी। पुलिस पर हमलावरों ने फायरिंग की थी और पुलिस ने जैसे तैसे अपनी जान बचाई थी। हमलावर पुलिस के कब्जे से दो ट्रैक्टर ट्राली छुड़ाकर ले गए थे। इस मामले में पुलिस ने 25 नामजद और 25-30 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। घटना के बाद पुलिस हमलावरों की तलाश में जुट गई थी।

पुलिस ने अब इस मामले में अवनीश कुमार पुत्र वीरेंद्र और सुरेश चंद्र पुत्र महेंद्र निवासीगण नगला मनी थाना सिकंद्राराऊ को गिरफ्तार कर लिया है। इनके पास से पुलिस को अवैध हथियार भी मिले हैं। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश में दबिशें दे रही है।

## शार्ट न्यूज

### हाईस्कूल के छात्र की हत्या कर शव फेंका

फिरोजाबाद। फिरोजाबाद में थाना नगला सिंघी क्षेत्र के रामपुर लतीफपुर के मध्य रेलवे लाइन के किनारे 19 मई को गंभीर रूप से घायल अवस्था में मिले हाईस्कूल के छात्र ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। तीन दिन से लावारिस में उसका इलाज चल रहा था। बुधवार को उसकी मौत हो गई। परिजनों ने वाट्सएप पर आए फोटो से उसकी शिनाख्त की। 19 मई को थाना नगला सिंघी क्षेत्र के लतीफपुर रेलवे लाइन के पास एक अज्ञात युवक अचेतावस्था में पड़ा मिला था। उसके शरीर पर चोटों के निशान थे। पुलिस ने गंभीर हालत में उसे जिला अस्पताल उपचार को भिजवा दिया था। जहां विगत तीन दिन से उसका इलाज चल रहा था। इधर, पुलिस युवक के परिजनों की जानकारी करने के लिए सोशल मीडिया पर उसके फोटो वायरल कर रही थी। बुधवार को परिजन नगला सिंघी थाने पहुंचे। जहां से उन्हें जिला अस्पताल ले जाया गया। यहां उन्होंने युवक की शिनाख्त नवीन यादव पुत्र गंगा सिंह यादव निवासी नगला तुलसी खंदौली रोड़ एत्मादपुर आगरा के रूप् में की। तभी युवक ने दम तोड़ दिया। परिजनों ने बताया कि वह हाईस्कूल का छात्र था और तीन भाइयों में दूसरे नंबर का था।

### तेज रफ्तार रोडवेज बस ने ट्रैक्टर में मारी टक्कर

मैनपुरी। मैनपुरी में ट्रैक्टर से ईंट बेचकर घर लौट रहे ट्रैक्टर चालक की रोडवेज बस की टक्कर से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सड़क हादसा कुरावली थाना क्षेत्र में हुआ। बेवर थाना क्षेत्र के गांव तेजगंज निवासी राम लखन पुत्र अरविंद सिंह बीती रात अपने ट्रैक्टर में ईंट लोड कर कुरावली बेचने के लिए गए थे। जहां से वह ट्रैक्टर द्वारा अपने घर वापस लौट रहे थे। जैसे ही वह कुरावली की नवीन मंडी के सामने पहुंचे, वैसे ही एक तेज रफ्तार रोडवेज बस ने उनके ट्रैक्टर को जोरदार टक्कर मार दी हादसे में ट्रैक्टर चालक की घटना स्थल पर दर्दनाक मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंच गई। पोस्टमार्टम हाउस पर पहुंचे मृतक के परिजनों ने बताया मृतक राम लखन अपने ट्रैक्टर से ईंटों को बेचने के लिए कुरावली गए थे। कुरावली से ट्रैक्टर द्वारा घर आ रहे थे। सुबह 4 बजे के लगभग रोडवेज बस ने उनके ट्रैक्टर को पीछे से टक्कर मार दी, जिससे उनकी घटनास्थल पर मौत हो गई। उनके साथ गए अन्य ट्रैक्टरों की चालकों ने उनके परिवार को हादसे की सूचना दी।

### शाहजहांपुर में रेप का आरोपी गिरफ्तार

शाहजहांपुर। शाहजहांपुर पुलिस ने रेप के आरोपी को गिरफ्तार किया है। एफआईआर दर्ज होने के बाद आरोपी फरार हो गया था। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी करते हुए 24 घंटे के अंदर ही आरोपी को दबोच लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने पुलिस को बताया कि, उसका महिला से काफी समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था। महिला के पति को इसकी जानकारी हो गई। महिला ने पति के कहने पर एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस ने पूछताछ के बाद आरोपी को जेल भेज दिया है। थाना बंडा क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले व्यक्ति ने थाने में प्रार्थना पत्र देकर गांव के रहने वाले अरुण कुमार पर पत्नी के साथ दुष्कर्म करने का आरोप लगाया था। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ रेप समेत अन्य धाराओं में एफआईआर दर्ज की थी। एफआईआर दर्ज होते ही आरोपी फरार हो गया। पुलिस ने बिलसंडा रोड के पास घेराबंदी करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी राकेश कुमार मौर्य ने बताया कि, दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज होने 24 घंटे के अंदर ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

### स्कूली वाहनों के ड्राइवरों का होगा वैरिफिकेशन

अलीगढ़। अलीगढ़ में स्कूल, बस और स्कूली वाहन चलाने वाले ड्राइवरों का पूरा सत्यापन किया जाएगा। विभाग उनका सारा रिकॉर्ड रखेगा और उन पर निगरानी भी की जाएगी। ड्राइवरों को अपनी आईडी लेकर अधिकारियों के सामने उपस्थित होना पड़ेगा और अपना सत्यापन कराना होगा। सत्यापन के बाद ही वह स्कूल के वाहनों को चला पाएंगे। यह सारे काम गर्मी की छुट्टियों में ही पूरे किए जाएंगे, जिससे कि स्कूल खुलने के बाद विद्यार्थियों को किसी तरह की परेशानी न हो और वह आसानी से स्कूल आ जा सके। प्रशासन की ओर से इन सभी कामों के लिए 15 जून की तिथि निर्धारित कर दी गई है और स्कूलों को निर्देश भी दिए गए हैं कि वह समय से इन सारे कामों को पूरा करें। अलीगढ़ में विभिन्न निजी और पब्लिक स्कूलों में छात्र-छात्राएं स्कूली वाहनों के जरिए रोज स्कूल आते जाते हैं। यह वाहन या तो स्कूलों के हैं या फिर स्कूलों के साथ संबद्ध रहते हैं। इन सभी वाहनों की फिटनेस की जांच की जाएगी। इसके बाद ही यह सड़कों पर चल सकेंगे। स्कूलों से संबद्ध सभी वाहनों को भी 15 जून तक अपनी फिटनेस जांच, अनुबंध एनओसी और ड्राइवर से जुड़ी सारी आईडी और उसके दस्तावेज परिवहन विभाग को देने होंगे।

### एसबीआई के लॉकर से 20 लाख के जेवर गायब

मेरठ। मेरठ में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के लॉकर से गहने गायब होने का मामला सामने आया है। यहां रिटायर्ड बैंक मैनेजर के लॉकर से 20 लाख रुपए के जेवर गायब मिले हैं। रिटायर्ड बैंक मैनेजर का कहना है कि उसके लॉकर में सोने, चांदी के गहनों के अलावा हीरे की अंगूठी भी थी। वो भी गायब है। पीड़ित ने गहने चोरी होने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। पुलिस पूरे मामले की छानबीन में लग गई है। लेकिन, बैंक लॉकर से इस तरह गहने गायब होने से सुरक्षा पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। दरअसल, मेरठ में मोदीपुरम के पल्लवपुरम फेज वन के बी-132 निवासी समीमुद्दीन खान ने बताया कि वह एसबीआई से रिटायर्ड मैनेजर हैं और वर्तमान में वेद इंटरनेशनल स्कूल में निदेशक प्रशासक हैं। वर्ष 2006 से उन्होंने पल्हैड़ा स्थित एसबीआई में लॉकर ले रखा था। समीमुद्दीन खान ने बताया कि लॉकर में उन्होंने अपनी बेटी डॉ. नीलिमा, पत्नी अमीर फातिमा, बेटे यूसुफ और बहू के लगभग 20 लाख के सोने-चांदी के जेवर, एक डायमंड अंगूठी रखी थी।

# पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की मनाई गई तैतिसवीं पुण्यतिथि

**विशाल इंडिया/ब्यूरो**

सीतापुर। पूर्व प्रधान मंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर राजा टोडरमल स्मारक समिति,राजस्व सुरक्षा सेवादल ( स्स्ष्ठ ) के पदाधिकारियो के द्वारा गोष्ठी का आयोजन कर पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को याद करते हुए उन्हें श्रृद्धांजलि अर्पित की। गोष्ठी में वक्ताओं ने उनके जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। राजा टोडरमल स्मारक समिति, राजस्व सुरक्षा सेवादल संस्था के राष्ट्रीय संस्थापक अध्यक्ष संजय पुरी ने पूर्व प्रधानमंत्री के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या के आज तैंतिस वर्ष हो गए,यह यादगार पल बन गया।साथ साथ यह भी बताया तैंतिसवां वर्ष चल रहा है।पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की तैंतिसवीं पुण्यतिथि है। कांग्रेस पार्टी की सरकार में सबसे कम चालिस वर्ष की उम्र में भारत के सातवें प्रधानमंत्री 31अक्टूबर 1984 में बने थे,पूर्व प्रधान मंत्री गांधी का जन्म 20 अगस्त 1944 को बॉम्बे (मुंबई) में इंदिरा और फ़िरोज़ गांधी के घर हुआ था। उनकी हत्या इक्किस मई 1991 को भारत के तमिलनाडु के श्रीपेरंबदूर में एक आत्मघाती बम हमले के परिणामस्वरूप हुई थी। इस हमले में राजीव गांधी के अलावा कम से कम चौदह अन्य लोग मारे गए थे।

इस घटना को थेनमोझी राजरत्नम (जिसे कलाईवानी राजरत्नम या धनु के नाम से भी जाना जाता है) के द्वारा अंजाम दिया गया था।श्रीलंकाई तमिल अलगाववादी संगठन,लिबरेशन टाइगर्स ऑफ तमिल ईलम के एक सदस्य ने खालिस्तान नेशनल के जगजीत सिंह चौहान के साथ मिलकर इसे अंजाम दिया था। काउंसिल और खालिस्तान लिबरेशन फोर्स के गुरजंत सिंह बुधसिंहवाला उस समय भारत ने श्रीलंकाई गृहयुद्ध में भारतीय शांति सेना के माध्यम से अपनी भागीदारी समाप्त कर दी थी। इस मौके पर उपस्थित सभी पदाधिकारियों ने पूर्व प्रधानमंत्री को याद कर उन्हें श्रृद्धांजलि अर्पित की।

# आगरा में जूता कारोबारियों के घर 81 घंटे चली रेड

## 57 करोड़ कैश, एक करोड़ की ज्वेलरी और 30 करोड़ की पर्चियां मिलीं

आगरा। आगरा में 3 जूता कारोबारियों के यहां इनकम टैक्स की रेड लगातार 81 घंटे चली।

मंगलवार यानी 22 मई की रात 8 बजे इनकम टैक्स की टीम बाहर निकली। करीब 81 घंटे तक चली कार्रवाई में विभाग को 57 करोड़ रुपए नकद और एक करोड़ रुपए की ज्वैलरी बरामद हुई।

जबकि करीब 30 करोड़ों रुपए की पर्चियां भी मिली हैं। फर्मों द्वारा बोगस खर्चे भी दिखाए गए हैं। प्रॉपर्टी में निवेश की जानकारी भी सामने आई है।

इनकम टैक्स ने 18 मई की सुबह 11 बजे हींग की मंडी स्थित हरमिलाप ट्रेडर्स के रामनाथ डंग, बीके शूज के अशोक मिड्डा व सुभाष मिड्डा और मंशु फुटवियर के हरदीप मिड्डा के 14 ठिकानों पर एक साथ रेड की थी। टीम को रामनाथ डंग के आवास से बड़ी मात्रा में कैश मिला था।

नोट गिनने के लिए मशीन और बैंक कर्मचारियों को बुलाया गया था। रामनाथ डंग के जयपुर हाउस और न्यू



गोविंद नगर स्थित आवास से आयकर विभाग की टीम मंगलवार शाम को ही लौट गई थी। वहीं, बीके शूज पर कार्रवाई रात आठ बजे तक चली।

### 57 करोड़ रुपए कैश मिला

इनकम टैक्स विभाग को रामनाथ डंग, अशोक मिड्डा, सुभाष मिड्डा और हरदीप मिड्डा के यहां से बरामद 57 करोड़ रुपए भारतीय स्टेट बैंक में जमा कराए हैं। सबसे ज्यादा रामनाथ डंग के यहां से 53 करोड़ रुपए बरामद हुए।

बीके शूज और मंशु फुटवियर के यहां से करीब चार करोड़ रुपए नकद बरामद हुए। तीनों कारोबारियों के यहां से करीब एक करोड़ रुपए की ज्वेलरी विभाग ने जब्त की है। जूता कारोबारियों ने अपने रिकार्ड में बोगस खर्चे दिखाए हैं।

आयकर विभाग ने दस्तावेजों के साथ ही इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य के रूप में मोबाइल, कंप्यूटर और लैपटाप से डाटा जुटाया है। इनके आधार पर विभाग अब कारोबारियों के लेन-देन की जांच करेगा।

इनकम टैक्स विभाग के अधिकारियों का कहना है कि कारोबारियों के यहां से बरामद दस्तावेजों की सघन जांच से कर चोरी व आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने की जानकारी मिलेगी। इसके आधार पर कारोबारियों पर पैनॉल्टी लगाई जाएगी।

### सबसे अधिक बरामदगी, सरेंडर नहीं

आयकर विभाग की आगरा में की गई कार्रवाई में यह अब तक की सबसे बड़ी नकद बरामदगी है। 57 करोड़ रुपए नकद यहां कभी नहीं मिले हैं। इतनी अधिक धनराशि नकद में मिलने की वजह से कारोबारियों द्वारा सरेंडर नहीं किया गया है।

### जूता कारोबारियों के इन ठिकानों पर हुई छापेमारी

पूर्ति निवास कमला नगर, ब्रज विहार कमला नगर, पूर्ति विला सूर्य नगर, एमजी रोड, रागिनी हाइट्स, शंकर ग्रीन्स, यूपीएसआइडीसी सिकंदरा, श्रीराम मंदिर मार्केट हींग की मंडी, प्रताप कालोनी धाकरान, आलोक नगर जयपुर हाउस, धाकरान चौराहा स्थित 1/10 और 1/11, न्यू गोविंद नगर, चारबाग शाहगंज।

# अव्यवस्थित विद्युत आपूर्ति से नाराज ग्रामीणों ने किया पावर हाउस का घेराव

**विशाल इंडिया/ब्यूरो**

सीतापुर। अब्यवस्थित विद्युत आपूर्ति विद्युत व्यवस्था से नाराज दर्जनों ग्रामीणों ने सिधौली क्षेत्र के पावर हाउस का घेराव कर उपखण्ड अधिकारी सिधौली को ज्ञापन सौंपकर कार्यवाही किए जाने की मांग की। ग्रामीणों से ज्ञापन पा कर उपखण्ड अधिकारी सिधौली ने आश्वासन दिया।

धरना देते नजर आए। ग्रामीण विद्युत विभाग की लापरवाही से काफी नाराज थे। जिसको देखते हुए ग्रामीणों ने पावर हाउस का घेराव किया तथा उपखण्ड अधिकारी को एक ज्ञापन सौंपकर कार्यवाही की मांग की।

बताते चलें कि ग्राम पंचायत मऊ पोस्ट अटरिया निवासी सैकड़ों ग्रामीण आज सिधौली पावर हाउस पहुंचे



ग्रामीणों ने बताया कि गंधौली फीडर के अन्तर्गत उन लोगों का गांव आता है ग्रामीणों ने यह भी बताया कि ग्राम पंचायत मऊ में बिजली की हाई टेंशन लाइन अत्यन्त जर्जर है।

जिससे आए दिन बिजली की समस्या उत्पन्न होती रहती है तथा किसी बड़ी अनहोनी की भी आशंका बनी रहती है ग्रामीणों ने हाई टेंशन लाइन को सही कराने की मांग की।

ग्रामीणों ने बताया कि बिजली की क्षमता से अधिक खपत के कारण तार टूट जाते हैं तथा ग्रामीणों के गांव में एक फेज की लाइन की आपूर्ति की जाती है जिससे तीन फेज के लोग काफी परेशान रहते हैं पिछले करीब पांच दिनों से तार टूटने एवं यांत्रिक कमियों से बेकार पड़े ट्रांसफार्मर से गांव अंधेरे में डूबे हैं। ग्रामीणों ने गांव में रखे ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाने की मांग की।

काफी देर चले धरना प्रदर्शन के बाद ग्रामीणों ने उप खण्ड अधिकारी (ग्रामीण) को ज्ञापन सौंपा तथा उप खण्ड अधिकारी द्वारा मिले आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने अपना धरना प्रदर्शन समाप्त किया।

उपखण्ड अधिकारी ग्रामीण ने बताया, कि जर्जर तारों को जल्द बदला जाएगा तथा ग्रामीणों की समस्याओं का जल्द ही निस्तारण किया जाएगा। इस मौके पर प्रधान प्रतिनिधि अजय भारती लवकुश यादव संदीप कुमार कमलेश नितिन समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# प्रेमी ने बेटी और उसकी मां से किया रेप

**एजेंसी**

मेरठ। मेरठ में एक युवक ने मां, बेटी का रेप कर उनके अश्लील वीडियो बनाए।

काफी दिनों तक मां, बेटी इस सच को छिपाने के लिए आरोपी के सितम सहती रहीं और खामोश रहीं। इसके बाद पीड़िता ने लोहिया नगर थाने में आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई।

शिकायत के आधार पर जांच कर पुलिस ने मंगलवार रात आरोपी को अरेस्ट कर लिया। आरोपी ने अपना गुनाह कुबूल करते हुए कहा कि उसने मां, बेटी दोनों को फंसाया। इसके बाद दोनों से रेप किया है।

लोहिया नगर थाने में सात दिन पहले पीड़िता पहुंची थी। कोतवाली निवासी पीड़िता ने आरोप लगाया कि एक साल पहले उसकी सालिम से दोस्ती हुई। सालिम लॉ स्टूडेंट है और गोलाकुंआ कोतवाली का रहने वाला है।

दोस्ती के बाद दोनों प्यार करने लगे। सालिम एक दिन उसे टीपीनगर सिटी सेंटर होटल ले गया। जहां उसके साथ दुष्कर्म किया।

बलात्कार कर उसका अश्लील वीडियो, फोटो बना लिया। इसके बाद सालिम लगातार उसे अश्लील फोटो वायरल करने की धमकी देकर मिलने बुलाता। उससे रुपयों की मांग करने लगा।

# मतगणना को लेकर डीआईजी ने आनलाइन मीटिंग कर रेंज पुलिस को दिए निर्देश

## मतगणना में लगे पुलिस बल एवं अन्य सुरक्षा कर्मियों की ड्यूटियां तीन पालियों में लगायी जाये : डीआईजी

**ललितपुर।** झांसी, पुलिस उपमहानिरीक्षक, झांसी परिक्षेत्र, झांसी कलानिधि नैथानी द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की मतगणना के लिये किए जाने वाले पुलिस प्रबन्ध एवं स्ट्रांग रूम सुरक्षा व्यवस्था, यातायात व्यवस्था सहित अन्य समस्त व्यवस्थाओं के दृष्टिगत ऑनलाइन मीटिंग आयोजित कर जनपद प्रभारियों, अपर पुलिस अधीक्षक, नोडल अधिकारी चुनाव, समस्त क्षेत्राधिकारी, अभिसूचना विभाग के राजपत्रित अधिकारी, मुख्य अग्निशमन अधिकारी, रेडियो अधिकारी व अन्य अधिकारीगणों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये है।ऑनलाइन मीटिंग से सम्बन्धित एजेण्डा बिन्दु निम्नवत् है।

लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की मतगणना को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु अभिसूचना विभाग एवं स्थानीय अभिसूचना इकाई से समन्वय स्थापित करते हुये ऐसे ग्राम/मोहल्ले का चिन्हांकन कर लें जहाँ



जीते एवं हारे हुये प्रत्याशियों के समर्थकों के मध्य तनाव की स्थिति उत्पन्न होने की सम्भावना हो, ऐसे चिन्हित स्थानों पर जिला निर्वाचन अधिकारी से समन्वय स्थापित कर पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल का व्यवस्थापन किया जाये, आवश्यकता अनुरुप मजिस्ट्रेटों की भी नियुक्ति करा ली जाये।

किसी भी दशा में पोस्ट पोल हिंसा की घटना न घटित होने पाये, इस हेतु जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाये तथा जीते हुये प्रत्याशी के साथ - साथ हारे हुये प्रत्याशी की सुरक्षा पर भी विशेष ध्यान दिया जाये। पूर्व में जहाँ पर पोस्ट पोल हिंसा हो चुकी है वहाँ पर ऐसी हिंसा में शामिल व्यक्तियों के विरुद्ध निरोधात्मक कार्यवाही सुनिश्चित कर ली जाये ।

3. जातिगत, सामुदायिक अथवा राजनैतिक विभेदों एवं प्रतिस्पर्धाओं के चलते संवेदनशील क्षेत्रों का चिन्हीकरण कर लिया जाये, इसमें वे सभी वल्नरेबुल पाकेट्स एवं संवेदनशील स्थान भी सम्मिलित होगें, जहाँ जातीय एवं साम्प्रदायिक तनाव की स्थिति उत्पन्न होने की सम्भावना हो।

# मुजफ्फरनगर में चाची ने दो भतीजों की बलि दी

**एजेंसी**

मुजफ्फरनगर। मुजफ्फरनगर में एक महिला ने तांत्रिक के कहने पर अपने 2 भतीजों की बलि चढ़ा दी। महिला को लगता था कि उस पर भूत-प्रेत का साया है। जिसकी वजह से बार-बार तबीयत बिगड़ जाती है। महिला की मां ने उसे तांत्रिक से मिलवाया। तांत्रिक ने बच्चों की बलि चढ़ाने के लिए कहा था। घटना खतौली थाना क्षेत्र के कैलावड़ा गांव की है।

पुलिस ने आरोपी महिला अंकिता और उसकी मां रीना को गिरफ्तार कर लिया है। महिला ने गुनाह कबूल लिया है। पुलिस अब तांत्रिक की तलाश कर रही है। महिला ने जिन भतीजों की बलि चढ़ाई उनकी उम्र 5 और 7 साल थी।

17 मई को तेजपाल के 7 साल के बेटे केशव का शव घर में एक कमरे में पड़ा मिला था। पास में तंत्र क्रिया से संबंधित सामग्री और सिंदूर से लिखा एक पत्र मिला था। उस पर लिखा था- अब शांति मिली... आत्मा को शांति मिले। क्योंकि, अंकिता का स्वभाव कुछ तंत्र-मंत्र वाला था। केशव की मां सीमा ने देवरानी अंकिता पत्नी हरीश पर हत्या का आरोप लगाते हुए स्नद्बक्र दर्ज कराई।

23 दिन पहले यानी 24 अप्रैल को तेजपाल के छोटे बेटे लकी (5 साल) की संदिग्ध हालात में मौत हो गई थी। वह बिस्तर पर मृत मिला था। उस समय किसी का शक अंकिता पर नहीं गया। तेजपाल को लगा कि बीमारी के चलते बेटे की मौत हुई है। ऐसे में बिना पुलिस को सूचना दिए ही उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया।

17 मई को एफआईआर दर्ज होने के बाद पुलिस ने जांच शुरू की। पुलिस ने अंकिता को हिरासत में लेकर पूछताछ की।

शुरुआत में तो वह पुलिस को गुमराह करती रही। लेकिन, बाद में पुलिस ने सख्ती की तो वह टूट गई। उसने दोनों भतीजों (केशव और लकी) की हत्या की बात कबूल कर ली। अंकिता ने बताया कि उसकी मां रीना ने तांत्रिक से मिलवाया था।

# बिजली संकट से हरगांव पावर हाउस के हैदरपुर फीडर में मचा हाहाकार

## ग्रामीण अंचल में लगातार की जा रही है बिजली की भारी कटौती

**विशाल इंडिया/ब्यूरो**

सीतापुर। मौसम की मार ऊपर से सूर्यदेव की आग वर्षा रही किरणों से जनजीवन अस्त व्यस्त हो रहा है।वहीं ऊपर से बिजली विभाग की अघोषित बिजली कटौती से ग्रामीण जनों में हाहाकार मचा हुआ है।शासनादेश के अनुसार शहरी क्षेत्र में बाइस घंटे एवं ग्रामीण अंचल में अठारह घंटे विद्युत आपूर्ति करने का आदेश किया गया है।परन्तु जनपद सीतापुर के हरगांव का बिजली विभाग उक्त शासनादेश की धज्जियां उडाकर मलाई काटने में व्यस्त है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार हरगांव में स्थित 33/11केवी विद्युत उपकेंद्र हरगांव ग्रामीण में इन दिनों ग्रामीण वासियों को बिजली खून के आंसू रुला रही है। उपकेन्द्र के ग्रामीण अंचल में बिजली की अधाधुंध कटौती करके शासनादेश की उस आदेश की धज्जियाँ उडाई जा रही है। जिसमें शासन ने



शहरी क्षेत्र में बाइस घंटे एवं ग्रामीण अंचल को अठारह घंटे अनवरत विद्युत आपूर्ति देने की बात कही गई है। लेकिन विभाग के आगे शासनादेश गौण हो गया है जबकि इस वक्त सूर्यदेव का प्रचंड कहर बनकर उनकी किरणें जनमानस को प्रचंड तपन का भरपूर अहसास करा रही हैं। ऐसे में ग्रामीण अंचल खासकर हैदरपुर फीडर पर विद्युत आपूर्ति ना होने की वजह से हाहाकार मचा हुआ है।

गत दिनों उप केन्द्र पर हैदरपुर फीडर के उपभोक्ताओं ने धरना प्रदर्शन कर बिजली प्रशासन को किसान नेता प्रतिंदर सिंह सिद्धू के नेतृत्व में ज्ञापन देकर क्षेत्र में की जा रही अघोषित बिजली कटौती को बंद कराकर किसानों की सिंचाई समस्या को देखते हुए शासनादेशानुसार अठारह घंटे बिजली आपूर्ति की मांग की थी।किसान नेताओ ने सबकी उपस्थित में बिजली विभाग के उपखण्ड अधिकारी रामाज्ञा को ज्ञापन सौंपा था। ज्ञापन सौंपते समय हुए लिखित समझौते में एसडीओ /उप खण्ड अधिकारी ने अतिशीघ्र विद्युत आपूर्ति व्यवस्था सुदृढ कर शासनादेश के अनुसार किसानों को समुचित विद्युत आपूर्ति किए जाने का आश्वासन भी दिया था।परन्तु व्यवस्था एक हफ्ते के बाद भी जस की तस बनी हुई है।लगता है उत्तर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री अरविन्द कुमार शर्मा का बिजली विभाग के इन अधिकारियों पर कोई कंट्रोल रह नहीं गया है। अथवा अड़ियल रवैया अख्त्यार कर बिजली विभाग के जिम्मेदार धरना प्रदर्शन की बाट जोह रहे हैं।

## प्लास्टिक सर्जरी के दौरान हुई युवक की मौत.... सीसीटीवी में दिखा भयावक सच

सियोल। सुंदर दिखाने के लिए लोग क्या क्या नहीं करते हैं। प्लास्टिक सर्जरी इसका बढ़ता विकल्प बनता जा रहा है। कई बार प्लास्टिक सर्जरी में भी उल्टे ही नतीजे मिलते हैं। लेकिन एक शख्स के साथ कुछ ज्यादा ही बुरा हो गया। उसकी प्लास्टिक सर्जरी के बाद दुखद मृत्यु हो गई। लेकिन सीसीटीवी से भयानक सच बाहर आया, जिससे साफ हुआ कि वह वास्तव में एक घोस्ट डॉक्टर घोटाले का शिकार हुआ था। दक्षिण कोरिया के 24 वर्षीय क्वोन ने अपनी ठुड्डी को आकार देने की सर्जिकल प्रक्रिया के लिए करीब 4 लाख रुपयों का भुगतान किया। स्टेफनी सू ने बताया कि क्वोन को ब्रेन-डेड घोषित करने के बाद, अस्पताल के अधिकारियों ने उसके भाई, क्वोन ताए-हून को फोन कर उसकी मौत के बारे में नहीं बताया। क्वोन की मां की शिकायत के जवाब में प्लास्टिक सर्जन ने ऑपरेशन की सीसीटीवी फुटेज सौंपने की पेशकश की थी। फुटेज से पता चला कि जिस शीर्ष प्लास्टिक सर्जन पर क्वोन ने अपने चेहरे को फिर से तैयार करने का भरोसा किया था, वह प्रक्रिया के लगभग 60 मिनट बाद ही ऑपरेशन थिएटर से चला गया। फिर एक दूसरे डॉक्टर को ऑपरेशन पूरा करने के लिए छोड़ दिया गया था, जिसके पास प्लास्टिक सर्जरी का लाइसेंस नहीं था। स्टेफनी ने बताया कि घोस्ट डॉक्टर आमतौर पर प्लास्टिक सर्जरी में कार्यरत होते हैं। जब मरीज को ऑपरेशन टेबल पर रखा जाता है, तब वे प्रक्रिया शुरू कर चले जाते हैं और एक घोस्ट डॉक्टर अंदर आकर ज्यादातर काम कर देता है। प्रमुख सर्जन बहुत ही कम समय तक मरीज के पास रहते हैं। जब सब हो जाता है, तब घोस्ट डॉक्टर उस भूत की तरह खत्म हो जाते हैं, जो कभी अस्तित्व में ही नहीं था। उनका कोई भी रिकॉर्ड में नहीं रखा जाता। किसी ने क्वोन की बिगड़ी हालत और बहते हुए खून पर ध्यान नहीं दिया। जब की सहायक डॉक्टरों से लेकर नर्सों सभी की लापरवही सीसीटीवी फुटेज में साफ नजर आ रही थी। 2019 में, क्वोन के परिवार को क्लिनिक के खिलाफ हर्जाने में 2 करोड़ 80 लाख रुपयों से अधिक की रकम दी गई।

## 9 साल की उम्र में जिस शख्स की शादी में शामिल हुई फिर बनी उसकी ही तीसरी पत्नी

जकार्ता। आपने कई ऐसी जोड़ियां देखी और सुनी होंगी, जिनमें उम्र का फासला इतना होता है कि सुनने वाले चौंक जाएं। बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर के बारे में कहा जाता है कि वे अपने पति सैफ अली खान की पहली शादी के समय महज 11 साल की थीं और उन्होंने शादी को अटेंड भी किया था। आज हम आपकों एक और रोचक खबर सुनाएगें जो इंडोनेशिया से आई है। हालांकि इसके पीछे का वाक्या और भी ज्यादा दिलचस्प है। शादी के समय दूल्हा और दुल्हन की उम्र के बीच का फासला मायने रखता है लेकिन कुछ जोड़ियां ऐसी हैं, जो बिल्कुल ही बेमेल होती है। एक ऐसी ही कहानी इंडोनेशिया से सामने आई है। यहां एक शादीशुदा जोड़े की उम्र में 38 साल का फासला है। इतना ही नहीं ये 62 साल के शख्स की तीसरी शादी है और लड़की सिर्फ 24 साल की है। इंडोनेशिया के बांका आइलैंड में रहने वाली रेनाता फदेइया की उम्र 24 साल है और उन्होंने खुद से 38 साल बड़े शख्स से शादी की है। रेनाता ने बताया कि उन्हें हाल ही में पता चला कि वे अपने पति की दूसरी शादी में बतौर मेहमान आई थीं। ये बात 2009 की है, जब उनकी उम्र महज 9 साल थी, जबकि उनके पति दूसरी शादी कर रहे थे। महिला ने बताया कि वे अपने दूर के रिश्तेदार लगने वाले शख्स की शादी में आई थीं, हालांकि बाद वे उन्हीं की तीसरी पत्नी बनीं। रेनाता उस शादी में शख्स से मिलने के बाद चली आईं, फिर साल 2019 में उनकी मुलाकात एक बार फिर उन्हीं से हुई। साल 2020 में उनकी शादी हुई और अब उनका एक बच्चा है। रेनाता ने बताया है कि उनके पति उनकी आंटी के भतीजे हैं और ये उन्हें शादी की एल्बम देखने के बाद ही पता चला। उनकी पहली शादी से एक बच्चा, जबकि दूसरी शादी साल 2011 तक की चली, इससे उनका कोई बच्चा नहीं है। रेनाता से उनकी तीसरी शादी है और वे खुशहाल जिंदगी जी रहे हैं।

## पाकिस्तान में 3 साल के बच्चे के खिलाफ बिजली चोरी का मामला दर्ज

खैबर पख्तूनख्वा। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत से चौंकाने वाला मामला सामने आया है। बता दें कि यहां तीन साल के बच्चे के खिलाफ बिजली चोरी करने का मामला दर्ज हुआ है। पेशावर इलेक्ट्रिक सप्लाई कंपनी और जल और बिजली विकास प्राधिकरण की शिकायतों पर, बिजली चोरी में कथित संलिप्तता के लिए नाबालिग के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। इतना ही नहीं नाबालिग को अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश की अदालत में लाया गया, जिससे उसके कानूनी प्रतिनिधि को दावा करने के लिए प्रेरित किया कि हलफनामा प्राप्त करने पर न्यायाधीश ने मामले को खारिज कर दिया था। यह घटना पिछले महीने चौंकाने वाले खुलासे के बाद सामने आई है, जिसमें कथित तौर पर बिजली वितरण कंपनियों (डिस्को) के भीतर बिजली चोरी के कारण राष्ट्रीय खजाने को 438 बिलियन पीकेआर का नुकसान हुआ था। सूत्रों ने खुलासा किया कि ये घाटा 438 बिलियन पीकेआर से अधिक था, जो कि 723 बिलियन पीकेआर की कुल वार्षिक बिलिंग के बीच एक बड़ा आंकड़ा है। सबसे खराब प्रदर्शन करने वाले डिस्को के रूप में पहचाने जाने वाले पावर डिवीजन ने हैदराबाद, सुक्कुर, पेशावर, क्वेटा और आदिवासी क्षेत्रों की कंपनियों को उनके निराशाजनक रिकॉर्ड के लिए चुना। विभाग ने इस बात पर जोर दिया कि लाहौर इलेक्ट्रिक सप्लाई कंपनी, फैसलाबाद इलेक्ट्रिक सप्लाई कंपनी, मुल्तान इलेक्ट्रिक पावर कंपनी, गुजरांवाला इलेक्ट्रिक पावर कंपनी, और इस्लामाबाद इलेक्ट्रिक सप्लाई कंपनी सरकारी विभागों से अधिक शुल्क वसूलने के लिए दोषी थीं। प्रांतीय विभागों में 1,02,000 से अधिक बिजली कनेक्शनों के साथ, वास्तविक खपत और बिल राशि के बीच विसंगति स्पष्ट थी। विभाग ने खुलासा किया कि वित्तीय वर्ष 2022-23 में, प्रांतीय विभागों ने पीकेआर 1.91 बिलियन से अधिक की बिजली की खपत की, लेकिन पीकेआर 76 बिलियन का भुगतान करना पड़ा। इस व्यापक मुद्दे से निपटने के लिए, संघीय सरकार ने अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की मांगों का जवाब देते हुए, बिजली चोरी पर अंकुश लगाने और राजस्व वसूली को बढ़ाने के लिए बिजली वितरण कंपनियों (डीआईएससीओ) में संघीय जांच अधिकारियों (एफआईए) की तैनाती को मंजूरी दे दी।

## भीषण सड़क दुर्घटना में 3 भारतीय अमेरिकी छात्रों की मौत

वाशिंगटन। अमेरिका के जॉर्जिया राज्य में एक भीषण सड़क दुर्घटना में तीन भारतीय-अमेरिकी छात्रों की मौत हुई और दो अन्य घायल हो गए। तेज रफ्तार के कारण कार पलटकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। पुलिस के अनुसार, मृतकों की पहचान श्रीया अवसरला, अन्वी शर्मा और आर्यन जोशी के रूप में हुई है। तीनों की उम्र 18 साल है। बता दें कि यह दुर्घटना वेस्टसाइड पार्कवे पर गाड़ी चलाते समय हुई। बता दें कि आर्यन ने हाल ही में अल्फारेटा हाई स्कूल में अपना सीनियर ईयर पूरा किया है, जबकि श्रीया अवसरला और अन्वी शर्मा जॉर्जिया यूनिवर्सिटी में फर्स्ट ईयर के छात्र हैं। घायल छात्रों में जॉर्जिया स्टेट यूनिवर्सिटी में पढ़ने वाले और होंडा एकॉर्ड के ड्राइवर रितवाक सोमपल्ली और अल्फारेटा हाई स्कूल के सीनियर छात्र मोहम्मद लियाकाथ शामिल हैं। पुलिस के अनुसार, दुर्घटना का मुख्य कारण तेज स्पीड हो सकती है। वे दुर्घटना के सटीक कारण का पता लगाने के लिए गहन जांच कर रहे हैं। दुर्घटना तब हुई जब कार के ड्राइवर ने वाहन पर नियंत्रण खो दिया, जिससे वाहन पलट गया और पेड़ों की कतार में उल्टा जा गिरा। आर्यन जोशी और श्रीया की मौके पर ही मौत हो गई। वाहन के पिछले हिस्से में बैठी अन्वी शर्मा को नॉर्थ फुल्टन अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। घायलों का इलाज उसी अस्पताल में चल रहा है।

## माउंट फूजी पर्वत पर चढ़ने के लिए कराना होगा स्लॉट बुक

### –एक जुलाई से 10 सितंबर तक पर्वतारोही कर सकते हैं चढ़ाई

टोक्यो। जापान के माउंट फूजी पर्वत पर चढ़ने वाले लोगों को अब एक स्लाट की बुकिंग कराना होगी और साथ ही उन्हें इसका भुगतान करना होगा। यह फैसला माउंट फूजी पर्वत पर लगातार पर्वतारोहियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए किया गया है। क्योंकि ज्यादा लोगों के वहां जाने से गंदगी फैल रही है और ये सुरक्षा और संरक्षण के लिए चिंता का कारण है। नए नियम, 3,776 मीटर (करीब 12,300 फीट) ऊंचे पर्वत के यामानाशी किनारे पर योशिदा मार्ग से जाने वाले पर्वतारोहियों पर लागू होता है। माउंट फूजी पर्वत पर एक जुलाई से 10 सितंबर तक पर्वतारोही चढ़ाई कर सकते हैं। यामानाशी प्रान्त ने एक बयान जारी कर बताया कि नए नियम के अनुसार केवल 4,000 पर्वतारोहियों को मार्ग में प्रवेश करने की अनुमति दी जाएगी और इसके लिए रोज 2,000 येन (करीब 18 अमेरिकी डॉलर) का शुल्क लिया जाएगा।



ईरान में हेलीकॉप्टर हादसे में मारे गये राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी की अंतिम यात्र में उमड़े लोग।

## हमास का खात्मा करने के लिए अमेरिका ने इजराइल के राफा ऑपरेशन को हरी झंडी

वॉशिंगटन। इजराइल ने हमास का खात्मा करने के उद्देश्य से दक्षिणी राफा शहर में व्यापक सैन्य अभियान की लंबे समय से बनाई जा रही योजना को लेकर हरी दे दी है। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन और अन्य अमेरिकी अधिकारियों ने इजरायली नेताओं के साथ हाल की बैठकों के दौरान अमेरिकी मानवीय विचारों को एकीकृत करने के प्रयासों को स्वीकार करते हुए इजरायल की रणनीति में सुधार पर ध्यान दिया। राफा में स्थिति गाजा में चल रहे संघर्ष के बीच इजराइल के लिए उनके समर्थन की प्रगतिशील आलोचनाओं से जुड़े संभावित राजनीतिक नतीजों के चलते बाइडेन के लिए एक नाजुक मुद्दा बनी हुई है। उका कहना है कि संशोधित परिचालन योजनाओं के बावजूद, राफा में कोई भी महत्वपूर्ण सैन्य कार्रवाई अमेरिका के लिए चिंता का विषय है, विशेष रूप से इतनी घनी आबादी वाले क्षेत्र में नागरिक आबादी पर प्रभाव के संबंध में। राज्य सचिव एंटनी ब्लिंकन और अन्य अमेरिकी अधिकारी स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहे हैं, नागरिक हताहतों को कम करने और गाजा तक मानवीय सहायता पहुंच सुनिश्चित करने के महत्व पर जोर दे रहे हैं। बाइडेन प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने गोपनीयता की शर्त पर बताया कि व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जैक सुलिवान के साथ सप्ताहांत में हुई बातचीत में इजराइली अधिकारियों ने अपनी योजना में कई बदलाव किए हैं जो सात महीने से चल रहे युद्ध के दौरान राफा में अभियान तेज करने को लेकर कई चिंताओं को दूर करते प्रतीत होते हैं।

## ईरान और इजरायल की सेना में कौन है ताकतवर? अगर युद्ध तो किसे मिल सकती है हार

**न्यूयॉर्क (एजेंसी)।** चिंगारी सुलग चुकी है और पश्चिम एशिया में युद्ध के नगाड़े जोर-जोर से बज रहे हैं। इस महीने की शुरुआत में इज़राइल द्वारा सीरिया में उसके वाणिज्य दूतावास और जनरलों को निशाना बनाए जाने के प्रतिशोध के रूप में ईरान ने 13 अप्रैल को इज़राइल पर सैकड़ों ड्रोनों से हमला किया। हालांकि इस हमले से इजराइल में ज्यादा विनाश नहीं हुआ, लेकिन इससे पश्चिम एशिया में चौतरफा युद्ध की आशंका पैदा हो गई है। इसके बाद ताजा घटना ने तनाव और बढ़ा दिया है। राज्य मीडिया ने बताया कि देश के उत्तर-पश्चिम में धुंधले, पहाड़ी इलाके में घंटों की खोज के बाद सोमवार को एक हेलीकॉप्टर दुर्घटना स्थल पर ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी, विदेश मंत्री होसैन अमीर-अब्दुल्लाहियन और अन्य अधिकारी मृत पाए गए। अब तनाव और भी ज्यादा बढ़ने की संभावना है।

क्षेत्र में बड़े संघर्ष के इस नए डर ने ईरान और इज़राइल के सशस्त्र बलों पर नए सिरे से ध्यान आकर्षित किया है। हम दोनों सेनाओं पर करीब से नज़र डालते हैं और वे एक-दूसरे से कैसे मेल खाते हैं।

### ईरान बनाम इजराइल की ताकत

ईरान और इज़राइल की सेनाओं की साथ-साथ तुलना करने से पता चलता है कि तेहरान जनशक्ति के मामले में यहूदी राष्ट्र से आगे है। ईरान की जनसंख्या इज़रायल से दस गुना अधिक है, जहाँ से वह अपनी सशस्त्र सेनाएँ खींचता है। ग्लोबल फायरपावर के 2024 सूचकांक के अनुसार, ईरान की जनसंख्या 8,75,90,873 थी। इसकी तुलना इज़राइल से करें, जिसकी जनसंख्या 90,43,387 है। इसका मतलब यह है कि ईरान के पास चुनने के लिए लोगों का एक बड़ा समूह है।

वास्तव में, न्यूयॉर्क टाइम्स की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि ईरानी सशस्त्र बल पश्चिम एशिया क्षेत्र में सबसे बड़े हैं, जिसमें कम से कम 5,80,000 सक्रिय-ड्यूटी कर्मी और लगभग 200,000 प्रशिक्षित रिजर्व कर्मी पारंपरिक सेना और इस्लामी क्रांतिकारी के बीच विभाजित हैं।

यह इज़राइल की तुलना में है, जिसकी सेना, नौसेना और अर्धसैनिक बलों में 1,69,500 सक्रिय सैन्यकर्मी हैं। अतिरिक्त 4,65,000 इसके आरक्षित बल हैं, जबकि 8,000 इसके अर्धसैनिक बल का हिस्सा हैं।

हालाँकि, जब रक्षा खर्च की बात आती है, तो इज़राइल ईरान से आगे निकल जाता है। ग्लोबल फायरपावर इंडेक्स से पता चलता है कि इज़राइल का रक्षा बजट 24 बिलियन डॉलर है जबकि ईरान का 9.95 बिलियन डॉलर है।

हालाँकि, वाशिंगटन स्थित फ़ाउंडेशन फ़ॉर डिफेंस ऑफ़ डेमोक्रेसीज़ के अनुसार, ईरान की सैन्य स्थापना, विशेष रूप से इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड्स कॉर्प्स, अपने वित्तपोषण के लिए केवल राज्य के बजट पर निर्भर नहीं है। एफडीडी ने बताया, 'सैन्य प्रतिष्ठान तेहरान स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध कंपनियों के बाजार मूल्य का (पांचवां हिस्सा) नियंत्रित करता है और हजारों अन्य कंपनियों का मालिक है, जो सभी सशस्त्र बलों के लिए राजस्व उत्पन्न करते हैं।' 'इसके अतिरिक्त, आईआरजीसी ईरान की भूमिगत अर्थव्यवस्था के एक महत्वपूर्ण हिस्से को नियंत्रित करता है।÷

### ईरान के हथियार इजराइल पर हावी हैं

जबकि ईरान शीट जनशक्ति की ताकत के मामले में इज़राइल से आगे निकल सकता है, तेल अवीव हथियार के मामले में बढ़त रखता है। उदाहरण के लिए, इज़राइल के पास तेहरान से अधिक वायु शक्ति है। ग्लोबल फायरपावर इंडेक्स से पता चलता है कि इज़राइल के पास कुल 612 विमान हैं, जबकि ईरान के पास 551 हैं। एक महत्वपूर्ण पहलू यह है कि इज़राइल की वायु सेना में एफ-15एस, एफ-16एस और एफ-35एस जैसे सबसे आधुनिक लड़ाकू विमान शामिल हैं। लेकिन ईरान के मामले में ऐसा नहीं है।

इज़राइल के कब्जे में उसकी प्रसिद्ध बहुस्तरीय हवाई रक्षा प्रणाली भी है, जिसमें आयरन डोम, डेविड स्लिंग, एरो और द पैट्रियट भी शामिल है। ये मिलकर शनिवार की रात ईरान के ड्रोन और मिसाइलों के हमले को रोकने में सक्षम थे।

हालाँकि, ईरान का मिसाइल शस्त्रागार अतुलनीय है। इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर स्ट्रैटजिक स्टडीज ने बताया है कि ईरान के पास पश्चिम एशिया में बैलिस्टिक मिसाइलों और ड्रोन के सबसे बड़े शस्त्रागार में से एक है, जिसमें क्रूज़ मिसाइल और एंटी-शिप मिसाइलों के साथ-साथ 2,000 किलोमीटर तक की रेंज वाली बैलिस्टिक मिसाइलें भी शामिल हैं। इनमें इजराइल समेत किसी भी लक्ष्य को भेदने की क्षमता और रेंज है।

## नॉर्वे, आयरलैंड और स्पेन ने फलस्तीन को मान्यता दी

**बार्सिलोना (एजेंसी)।** पिछले साल 7 अक्तूबर से ही इजरायल-हमास के बीच युद्ध जारी है। इस युद्ध में 30 हजार से ज्यादा लोगों की मौत हो गई है। हमास के अंत का लक्ष्य लेकर गाजा से लेकर राफा में बम बरसा रहे इजरायल को एक बड़ा झटका लगा है। दरअसल नॉर्वे, आयरलैंड और स्पेन ने फलस्तीन को देश के रूप में मान्यता देना की घोषणा कर दी है। नॉर्वे के प्रधानमंत्री जोनास गार स्टोर ने कहा कि इजरायल के हित में यही है कि टू-स्टेट सॉल्यूशन हो जाए। दरअसल, टू-स्टेट सॉल्यूश का मतलब है कि इजरायल और फलस्तीन दोनों को देश का दर्जा मिले। भारत भी टू-स्टेट सॉल्यूशन की वकालत करता है। पीएम स्टोर ने कहा कि जबतक फलस्तीन को देश की मान्यता नहीं दी जाती तबतक मध्य पूर्व में शांति नहीं होगी। स्टोरे ने कहा कि स्कैंडिनेवियाई देश आधिकारिक तौर पर 28 मई तक एक फिलिस्तीनी राज्य को मान्यता देगा। उन्होंने कहा, फिलिस्तीनी राज्य को मान्यता देकर, नॉर्वे अरब शांति योजना का समर्थन करता है। पिछले हफ्तों में कई यूरोपीय संघ के देशों ने संकेत दिया है कि वे फलस्तीन को मान्यता देने की योजना बना रहे हैं। उनका तर्क है कि क्षेत्र में स्थायी शांति के लिए दो-राज्य समाधान आवश्यक है। बता दें कि नॉर्वे यूरोपीय संघ का सदस्य नहीं है। नॉर्वे के ऐलान के बाद आयरलैंड के प्रधानमंत्री सिमॉन हैरिस ने भी फलस्तीन को देश के रूप में मान्यता देने की बात कही। हैरिस ने कहा कि आज आयरलैंड, नॉर्वे और स्पेन ने फलस्तीन को मान्यता देना का फैसला किया है। स्पेन के पीएम पेड्रो सैंशेज ने कहा कि इस मामले पर हमारी कैबिनेट की मीटिंग 28 मई को होगी। वहीं इन तीनों देश के फैसले से इजरायल नाराज हो गया है। इजरायल ने आयरलैंड और नॉर्वे से अपने राजदूतों को तत्काल वापस लौटने का आदेश दिया है। इजरायल ने कहा कि इस फैसले से अतिवाद बढ़ेगा और मध्य पूर्व में अशांति बढ़ेगी।



## यूएन में डरा दिखा पाकिस्तान... ये नया भारत घर में घुसकर मारता

### – पाकिस्तान राजदूत अकरम ने पीएम के बयान का किया जिक्र

**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** न्यूयॉर्क (ईएमएस)। संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान ने पहली बार ये स्वीकारा की नया भारत बहुत ही खतरनाक है। यूएन के स्थायी राजदूत मुनीर अकरम ने वैश्विक मंच पर फिर भारत पर आरोप लगाकर कहा कि नया भारत आपके घर में आता है और आपको मार डालता है।

अकरम ने एक मीडिया रिपोर्ट के हवाले से यह बयान दिया। टारगेट किलिंग को लेकर भारत पर निशाना साधकर अकरम ने खालिस्तानी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि भारत सरकार विदेशी धरती पर रहने वाले राजनीतिक विरोधियों का खात्मा करने के साथ ही पाकिस्तान के अदंर भी इस तरह की टारगेट किलिंग की घटनाओं को अंजाम दे रही है। अकरम ने कहा कि पाकिस्तान के विदेश मंत्री ने सुरक्षा परिषद, महासचिव और महासभा के अध्यक्ष को पाकिस्तान में टारगेट किलिंग के भारत के अभियान के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह आतंकवाद केवल पाकिस्तान तक सीमित नहीं है। यह कनाडा, अमेरिका और संभवत: अन्य देशों में भी इसका प्रयास जारी है।

संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान के स्थायी प्रतिनिधि ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक भाषण का भी उल्लेख किया। उन्होंने दावा किया कि पीएम मोदी ने ऐसा कहा था कि आज, भारत के दुश्मन भी जानते हैं कि यह मोदी है। यह नया भारत है। यह नया भारत आपके घर में घुसकर आपको मार डालता है। दरअसल, देश में चल रहे चुनावों के लिए प्रचार करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पाकिस्तान के बारे में एक महत्वपूर्ण टिप्पणी की थी। लातूर में चुनावी रैली में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि आज भारत डोजियर नहीं भेजता है। आज भारत आतंकवादियों को उनके ही घर में घुसकर मारता है।

## रूसी-चीनी, भाई-भाई, रिश्तों का नया अध्याय, अमेरिका की दुश्मनी दोनों को करीब लेकर आई, नजदीकी ने भारत की चिंता भी बढ़ाई

**मॉस्को (एजेंसी)।** अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी बल्किंन बीते दिनों चीन की यात्रा पर थे। ब्लिंकन ने एक मैसेज चीन को दिया कि रूस से दूर ही रहे और उसे सपोर्ट न करे। लेकिन इसके ठीक एक हफ्ते बाद रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन चीन आते हैं और उनका भव्य स्वागत होता है। शी जिनपिंग न केवल पुतिन के लिए रेड कॉर्पेट बिछ्वाते हैं बल्कि खुद काफी जगह उन्हें रिसीव करने भी आते हैं। इसके साथ ही व्लादिमीर पुतिन एक ऐसा बयान देते हैं जो वो अभी तक किसी और देश के बारे में नहीं कही होगी। पुतिन ने साफ कहा कि रूसी चीनी हमेशा भाई भाई रहेंगे। वैसे इस लाइन को लेकर भारत का काफी खराब अनुभव रहा है। चीन ने 1960 के दौर में भारत और बीजिंग के रिश्तों को परिभाषित करने के लिए भी इसी तरह के नारे को काफी प्रमोट किया था। चीन की तरफ से हिंदी-चीनी भाई-भाई का नारा लगाते नहीं थकते थे। बाद में 1962 में चीन ने अक्साई चीन कब्जा लिया और आज तक हम उस भाग को वापस अपने देश में शामिल नहीं करा पाए हैं। भारत को मिले धोखे से इतर चीन की तरफ से रूस को इस तरह के धोखे मिलने की संभावना फिलहाल नजर तो नहीं आ रही है।

### नया वर्ल्ड ऑर्डर बनाएंगे पुतिन-जिनपिंग!

दोनों देशों का एक खास मकसद है। दो देश एकट्ठा जब आएंगे तो उसके लिए उनकी विजन एक होनी चाहिए। चीन और रूस एक नए ग्लोबल ऑर्डर की चाह लिए है। वर्तमान के वर्ल्ड ऑर्डर को यूएसए ने बनाया था जो द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से चला आ रहा है। अमेरिका इसमें खुद को सबसे ऊपर रखता है। किस पर प्रतिबंध लगेंगे, कौन किससे तेल खरीदेगा, व्यापार करेगा। वर्ल्ड ऑर्डर में दूसरे नंबर पर यूरोपियन यूनियन फिर बाकी दुनिया का नंबर आता है। रूस वर्तमान में चीन को सबसे अधिक महत्व दे रहा है। रूसी अर्थव्यवस्था को चालू रखने, रूस को राजनीतिक अलगाव से बचाने और पश्चिम के खिलाफ संयुक्त मोर्चा बनाने के पुतिन के लक्ष्यों के लिए चीन का समर्थन महत्वपूर्ण है। पुतिन आश्वस्त होकर घर लौटे कि उनके घनिष्ठ मित्र शी जिनपिंग दृढ़ रहेंगे और मॉस्को को अटूट समर्थन देंगे।

### मॉस्को-बीजिंग भाई भाई

व्यापक स्तर पर मॉस्को-बीजिंग साझेदारी अंतरराष्ट्रीय राजनीति में एक निर्णायक कारक बन गई है, जिसके निहितार्थ को न तो पूरी तरह से समझा गया है और न ही सराहा गया है। यह खुद को उभरते पश्चिमी खतरे से बचाने, अमेरिका के अत्यधिक प्रभुत्व को चुनौती देने और दुनिया भर में अपने प्रभाव का विस्तार करने की दिशा में बढ़ाया गया कदम है। यह संबंध व्यापक वाणिज्यिक आदान-प्रदान से लेकर मजबूत रक्षा संबंधों और बहुपक्षीय संस्थानों में घनिष्ठ सहयोग तक फैला हुआ है। अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था की पदानुक्रमित संरचना में यह साझेदारी पश्चिमी गठबंधनों के ठीक नीचे स्थित दूसरी सबसे शक्तिशाली इकाई के रूप में उभरी है।

### अमेरिका की दुश्मनी ने दोनों को लाया और करीब

ग्लोबल साउथ में इसका प्रभाव तेजी से बढ़ रहा है क्योंकि देश पश्चिम के पारंपरिक प्रभुत्व का विकल्प तलाश रहे हैं। जो बाइडेन प्रशासन की रूस और चीन दोनों को एक साथ दबाने की अदूरदर्शी रणनीति ने सीधे तौर पर पीड़ितों को एकजुट करने में योगदान दिया है। राष्ट्रपति पुतिन और राष्ट्रपति शी इस साझेदारी को उच्च प्राथमिकता देते हैं। दोनों पक्षों में नेतृत्व परिवर्तन की अनुपस्थिति ने एक सुसंगत और स्थिर संबंध सुनिश्चित किया - एक विशेषाधिकार जो आमतौर पर सत्तावादी शासन के लिए आरक्षित है। पिछले दो दशकों में शी और पुतिन 40 से अधिक बार मिल चुके हैं और दोबारा चुनाव के बाद विदेश में अपने पहले गंतव्य के रूप में अक्सर एक-दूसरे के देश को चुनते हैं।

## दूसरे हेलिकॉप्टर में सवार चीफ ऑफ स्टाफ ने बताया कैसे हुआ राष्ट्रपति रईसी का हेलिकॉप्टर क्रैश

### –उड़ान भरने के 45 मिनट बाद बदला मौसम का मिजाज

**तेहरान (एजेंसी)।** ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी और विदेश मंत्री सहित नौ लोगों की हेलिकॉप्टर क्रैश में मौत हो गई थी। अब ईरान सरकार ने रईसी के हेलिकॉप्टर क्रैश को लेकर नई जानकारी दी है। ईरान के राष्ट्रपति के चीफ ऑफ स्टाफ गुलाम हुसैन इस्माइली ने कहा कि जिस जगह पर राष्ट्रपति रईसी का हेलिकॉप्टर क्रैश हुआ था। वहां शुरुआत में मौसम बिल्कुल ठीक था।

इस्माइली खुद ईरानी राष्ट्रपति रईसी के काफिले के उन तीन हेलिकॉप्टर में से एक में सवार थे। उन्होंने बताया कि दोपहर लगभग एक बजे हेलिकॉप्टर ने उड़ान भरी थी। तब मौसम बिल्कुल सामान्य था। हेलिकॉप्टर के उड़ान भरने के 45 मिनट बाद रईसी के हेलिकॉप्टर के पायलट ने घने कोहरे से बचने के लिए अन्य दोनों हेलिकॉप्टर के पायलटों को एल्टीट्यूड (ऊंचाई) बढ़ाने को कहा। लेकिन दोनों हेलिकॉप्टर के बीच में उड़ रहा रईसी का विमान अचानक गायब हो गया। इस्माइली का कहना है कि बादलों के ऊपर 30 मिनट तक उड़ान भरने के बाद हमारे पायलट ने नोटिस किया कि बीच में उड़ान भर रहा राष्ट्रपति रईसी का हेलिकॉप्टर गायब है। इसके बाद पायलट ने राष्ट्रपति के हेलिकॉप्टर को ढूंढने के लिए यूटर्न लेकर वापस जाने का फैसला किया। उन्होंने बताया कि रेडियो डिवाइस के द्वारा राष्ट्रपति के हेलिकॉप्टर से संपर्क करने के कई प्रयास किए गए। इस दौरान घने बादलों की वजह से हम अपने हेलिकॉप्टर का एल्टीट्यूड कम नहीं कर सकते थे। लेकिन रईसी के हेलिकॉप्टर का नामोनिशान नहीं होने की वजह से हमारे हेलिकॉप्टर ने पास की एक कॉपर माइन में लैंड किया।

इस्माइली ने बताया कि अन्य दोनों हेलिकॉप्टर के पायलटों ने राष्ट्रपति के हेलिकॉप्टर के प्रभारी कैप्टन मुस्ताफवी से संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन मोहम्मद अली आले-हाशेम ने फोन उठाया। हाशेम ने बताया कि उनका हेलिकॉप्टर घाटी में क्रैश हो गया है और उनकी हालत ठीक नहीं है। इस्माइली ने बताया कि हम लोगों ने हाशेम से दोबारा संपर्क करने की कोशिश की लेकिन इस बार भी हमें वही जवाब मिला। वह बताते हैं कि क्रैश में रईसी और अन्य की तुरंत मौत हो गई थी लेकिन आले-हाशेम ने कुछ घंटों के बाद दम तोड़ दिया था।

रिपोर्ट्स में हेलिकॉप्टर क्रैश का शुरुआती कारण खराब मौसम को बताया गया। कहा जा रहा है कि हादसा घने कोहरे की वजह से हुआ। दुर्घटना तेहरान से करीब 600 किलोमीटर (375 मील) उत्तर-पश्चिम में अजरबैजान प्रांत की सीमा पर जोल्फा के पास हुई। राष्ट्रपति के काफिले में तीन हेलिकॉप्टर शामिल थे, जिनमें से दो सुरक्षित लौट आए, लेकिन वह हेलिकॉप्टर वापस नहीं लौटा जिसमें इब्राहिम रईसी के साथ ईरान के विदेश मंत्री हुसैन अमीर अब्दुल्लाहियन, पूर्वी अजरबैजान प्रांत के गवर्नर मालेक रहमती और धार्मिक नेता मोहम्मद अली आले-हाशेम भी सवार थे।



# राजस्थान रॉयल्स ने रॉयल्स चैलेंजर्स बेंगलुरु को चार विकेट से हराया



अहमदाबाद। गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद यशस्वी जायसवाल (45), रियान पराग (36) और शिमरॉन हेटमायर (26) रनों की पारियों की बदौलत राजस्थान रॉयल्स ने बुधवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के एलिमिनेटर मुकाबले में रॉयल्स चैलेंजर्स बेंगलुरु को चार विकेट से हरा दिया है।

173रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी राजस्थान रॉयल्स ने अच्छी शुरुआत का प्रयास किया। इसी दौरान छठें ओवर में लॉकी फर्ग्युसन ने टॉम कोहलर कैडमोर (20) रन पर बोल्ड कर बेंगलुरु को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद यशस्वी जयसवाल और कप्तान संजू सैमसन ने पारी को संभालने का प्रयास किया। 10वें ओवर में यशस्वी भी 30 गेंदों में 45 रन पर बनाकर पवेलियन लौट गये। तीसरे विकेट के रूप में कर्ण शर्मा ने संजू को (17) रन पर स्टंप आउट करवाया। ध्रुव जुरेल (8) पर रनआउट हुये। रियान पराग 26 गेंदों में (36) और शिमरॉन हेटमायर 14 गेंदों में (26) रन बनाकर आउट हुये। रोवमन पॉवेल आठ गेंदों में 16 रन बनाकर नाबाद रहे। राजस्थान रॉयल्स ने 19 ओवर में छह विकेट पर 174 रन बनाकर मुकाबला चार विकेट से जीत लिया। बेंगलुरु की ओर से मोहम्मद सिराज ने दो विकेट लिये। लॉकी फर्ग्युसन, कर्ण शर्मा और कैमरून ग्रीन ने एक-एक विकेट लिया।

इससे पहले रजत पाटीदार (34) और विराट कोहली (33) की पारियों के दम पर रॉयल्स चैलेंजर्स बेंगलुरु ने राजस्थान रॉयल्स को जीत के लिए 173 रनों का लक्ष्य दिया था।

आज यहां राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया है। बल्लेबाजी करनी उतरी बेंगलुरु की अच्छी नहीं रही और उसने पांचवें ओवर में कप्तान फाफ डुप्लेसी (17) का विकेट गंवा दिया। उन्हें ट्रेंट बोल्ट ने पॉवेल के हाथों कैच आउट कराया। इसके बाद आठवें ओवर में विराट कोहली को युजवेंद्र चहल ने डी फरेरा के हाथों कैच आउट कराया। कोहली ने 24 गेंदों में तीन चौके और एक छक्का लगाते हुए (33) रनों की पारी खेली। कैमरून ग्रीन 21 गेंदों में (27), ग्लेन मैक्सवेल (शून्य) पर आउट हुये। दोनों ही बल्लेबाजों को आर अश्विन ने आउट किया। रजत पाटीदार ने 22 गेंदों में दो चौके और दो छक्के लगाते हुये (34) रन बनाये। उन्हें आवेश खान ने आउट किया। दिनेश कार्तिक (11) को आवेश खान ने आउट किया। महिपाल लोमरोर ने 17 गेंदों में (32) रन बनाये। आठवें विकेट के रूप में आखिर गेंद पर कर्ण शर्मा (5) रन बनाकर आउट हुये। स्वप्निल सिंह(9) रन बनाकर नाबाद रहे। रॉयल्स चैंलेंजर्स बेंगलुरु ने निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 172 रन का स्कोर खड़ा किया।

# सचिन सर्जेराव ने विश्व पैरा एथलेटिक्स में एशियाई रिकॉर्ड के साथ बरकरार रखा स्वर्ण पदक




**कोबे (जापान) (एजेंसी)।** भारत के सचिन सर्जेराव खिलाड़ी ने विव पैरा एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में पुरूषों के शॉटपुट एफ46 वर्ग में एशियाई रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता और भारत ने टूर्नामेंट में अब तक का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी कर दिखाया है। भारत के अब पांच स्वर्ण समेत 11 पदक है। इससे पहले भारत ने 2023 में पेरिस में तीन स्वर्ण समेत दस पदक जीते थे।

सचिन ने 10.30 मीटर का थ्रो फेंककर 16.21 मीटर का अपना ही रिकॉर्ड बेहतर किया जो उन्होंने पिछले साल पेरिस में विश्व पैरा एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में बनाया था। सचिन ने स्वर्ण जीतने के बाद कहा, 'मैं इसकी ही उम्मीद कर रहा था और मैं बहुत खुश हूं। मैं पेरिस पैरालम्पिक के लिये क्वालीफाई कर चुका हूं और वहां भी स्वर्ण जीतने की कोशिश करूंगा।'

अभी टूर्नामेंट के तीन दिन बाकी है और कोच सत्यनारायण को पदक संख्या में इजाफा होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा, 'हमें दो और स्वर्ण की उम्मीद है। पदकों की संख्या 17 तक जानी चाहिए।' इससे पहले कल पैरालम्पिक चैम्पियन सुमित अंतिल ने एफ64 भालाफेंक में अपना स्वर्ण पदक बरकरार रखा था। थंगावेलु मरियप्पन और एकता भयान ने भी स्वर्ण पदक जीते थे।

# टी20 विश्व कप में पाकिस्तान की सफलता की कुंजी होंगे बाबर आजम

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** जांचे और परखे बाबर आजम की टी20 विश्व कप के लिए पाकिस्तान के कप्तान के रूप में वापसी पिछले 18 महीने में पाकिस्तान क्रिकेट में आए भारी बदलावों की अगली कड़ी है लेकिन यह चैम्पियन बल्लेबाज टीम की सफलता की कुंजी साबित हो सकता है। नवंबर 2022 में इंग्लैंड से टी20 विश्व कप फाइनल में बाबर की कप्तानी वाली पाकिस्तानी टीम की हार के बाद से पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड में चार अध्यक्ष बदले, चयन समिति बदली गई और शाहीन शाह अफरीदी को कप्तान बनाने का प्रयोग सफल नहीं रहा। अब सीमित ओवरों के प्रारूप के लिए टीम को गैरी कर्स्टन के रूप में नया कोच मिला है। पाकिस्तान ने एक से 29 जून तक अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए अभी तक 15 सदस्यीय टीम का ऐलान नहीं किया है। भारत में पिछले साल 50 ओवरों के विश्व कप के सेमीफाइनल में नहीं पहुंचने के बाद बाबर ने जका अशरफ के पीसीबी प्रमुख रहते सभी प्रारूपों की कप्तानी से इस्तीफा दे दिया था। अब उन्हें नये अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने टी20 टीम की कमान फिर सौंपी है। हरफनमौला इमाद वसीम और तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर ने भी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास का फैसला वापस ले लिया चूंकि कैरेबियाई प्रीमियर लीग में उनके अनुभव का फायदा टीम को वेस्टइंडीज में होगा। अप्रत्याशित प्रदर्शन करने में सक्षम पाकिस्तानी टीम का टी20 विश्व कप में अच्छा अतीत रहा है। यह तीन बार फाइनल में पहुंचा और 2009 में खिताब जीतने के अलावा तीन अन्य बार सेमीफाइनल तक पहुंचा है। कर्स्टन के गुरूमंत्र पर पाकिस्तानी खिलाड़ियों ने अमल करना शुरू कर दिया है। अफरीदी ने पीसीबी के एक पॉडकास्ट में कहा, 'गैरी ने हमसे कहा है कि अपनी जर्सी के पीछे लिखे नाम के लिए नहीं बल्कि शर्ट के सामने लगे बैज के लिए खेलो। मैं इसे भूल नहीं पाऊंगा।' भारत और पाकिस्तान के बीच नौ जून को होने वाले मुकाबले पर सभी की नजरें हैं जो न्यूयॉर्क में 34000 की क्षमता वाले नासाउ काउंटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा।

# विकेट लेकर ही आक्रामक बल्लेबाजी रोक सकते हैं गेंदबाज : हरभजन



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व क्रिकेटर हरभजन सिंह ने कहा है कि आज के दौर में जिस प्रकार आक्रामक बल्लेबाजी हो रही है उसे रोकने का एक ही तरीका विकेट लेना है। हरभजन ने ये बात आईपीएल में लगातार बन रहे बड़े स्कोर को लेकर कही है। इस सत्र में तीन बार 250 से अधिक रन तो सनराइजर्स हैदराबाद ने ही बना दिये। इसके अलावा अन्य कई टीमों ने भी बड़े स्कोर बनाये हैं। इस सत्र में कई बार टीमों ने आसानी से 200 से अधिक रन बनाये हैं। हरभजन ने कहा कि ऐसे में गेंदबाजों को जितनी तेजी से हो सके विकेट लेने होंगे। हरभजन ने कहा कि अगर कोई भी गेंदबाज कहता है कि वह रनों पर अंकुश लगा सकता है तो वह सही नहीं है। फिर चाहे वह लसिथ मलिंगा या जसप्रीत बुमराह जैसा गेंदबाज हो। विकेट लेने के लिए आपको अच्छी गेंदबाजी करनी होगी। सबसे छोटे प्रारूप में विकेट लेकर ही गेंदबाज रनों को रोक सकते हैं। यह कहा केवल कौशल के साथ ही आएगी। ऐसा नहीं है कि फुल टॉस गेंद से आपको एक बार विकेट मिल गया है तो आगे भी आप ऐसे ही करेंगे। साथ ही कहा कि इकोनॉमी रेट तभी सुधरेगा जब आप विकेट के लिए प्रयास करेंगे। इसलिए मुझे लगता है कि यही मानसिकता गेंदबाजों में होनी चाहिए। इसलिए जब भी मैं कोई भी प्रारूप, टी20, टेस्ट या एकदिवसीय खेलता था, तो मैं विकेट लेने की कोशिश करता था। उस प्रक्रिया में भले ही आपकों कुछ रन देने पड़े पर उसमें भी हर्ज नहीं है।


वहीं पूर्व भारतीय क्रिकेटर गौतम गंभीर ने भी एकदिवसीय क्रिकेट में इस्तेमाल की जाने वाली दो नई गेंदों के मामले पर कहा कि ये नुकसानदेह है, इसकी जगह एक ही गेंद होनी चाहिये। साथ ही कहा कि कितने फिंगर स्पिनर एकदिवसीय क्रिकेट खेलते हैं। एक नाथन लियोन और एक आर. अश्विन हैं पर ये दोनों ही एकदिवसीय टीम में शामिल हिस्सा नहीं हैं। इसका एकमात्र कारण यह है कि फिंगर स्पिनर के लिए यहां कुछ भी नहीं है। गंभीर ने कहा कि रिवर्स स्विंग पूरी तरह से खेल से बाहर हो गई है। मैं चाहता हूं रिवर्स स्विंग दिखे। मैं बल्लेबाजों को चुनौती मिलते हुए देखना चाहता हूं।

## आईपीएल को भारतीय टीम में पहुंचने का आसान रास्ता नहीं माने युवा : गंभीर

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर ने कहा है कि युवा क्रिकेटर आईपीएल को भारतीय टीम में पहुंचने का आसान और छोटा रास्ता न समझें। गंभीर ने कहा कि जिस प्रकार युवा टेस्ट क्रिकेट की उपेक्षा कर रहे हैं। वह ठीक नहीं है। आईपीएल में कोलकाता नाइटराइर्स के मैंटोर गंभीर ने एक कार्यक्रम में कहा कि आजकल काफी कम युवा भारत के लिए टेस्ट क्रिकेट खेलना चाहते हैं जो चिन्ता की बात है। मुझे उम्मीद है कि आईपीएल भारत के लिए खेलने का आसानी रास्ता साबित नहीं होगा। उन्होंने कहा कि आईपीएल से भारतीय क्रिकेटरों को लाभ हुआ है पर जब मैं अंतरराष्ट्रीय टी20 टीमों को देखता हूं तो दो-तीन टीमों के अलावा मुझे ज्यादा टक्कर देने वाली टीमें नहीं दिखती है। गंभीर की कप्तानी में केकेआर ने 2012 और 2014 में आईपीएल खिताब जीता है। इस क्रिकेटर ने कहा, 'बहुत सी टीमें भारत की मजबूती की बराबरी नहीं कर सकती हैं। इसलिए, मुझे लगता है कि आज के समय आईपीएल अंतरराष्ट्रीय टी20 क्रिकेट की तुलना में कहीं अधिक प्रतिस्पर्धी हो गया है। इससे हमारे घरेलू खिलाड़ियों का स्तर बढ़ा है। वे जिस तरह से आईपीएल खेलना चाहते है, जिस तरह से वे टी20 क्रिकेट को लेकर तैयारी करते है मुझे लगता है कि उनका ज्यादा ध्यान टी20 क्रिकेट खेलने पर है।' गंभीर ने 2011 एकदिवसीय विश्वकप में भारतीय टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। उनके भारतीय टीम के अगले कोच बनने की भी संभावनाएं जतायी गयी हैं।

# भारतीय लड़कियों ने यूरोप दौरे का किया विजयी आगाज

ब्रेडा (नीदरलैंड) - हिना बानो और कनिका सिवाज के तेज तररक गोल की बदौलत भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने नीदरलैंड के ब्रेडा में नीदरलैंड के क्लब ब्रेडेज हॉकी वेरेनिगिंग पुश के खिलाफ 2-0 से जीत दर्ज करने के साथ अपने यूरोप दौरे की शुरुआत की। दोनों टीमों को पेनल्टी कॉर्नर के जरिए मौके मिलने के बावजूद पहला क्वाटर्र गोलरहित रहा। इसी तरह, भारत दूसरे क्वाटर्र में भी अपने तीन पेनल्टी कॉर्नर में से किसी को भी गोल में बदलने में असमर्थ रहा। आखिरकार तीसरे क्वाटर्र में गतिरोध टूटा, जब भारत के लिए एक महत्वपूर्ण पेनल्टी कॉर्नर पर हिना बानो ने गोल किया जिससे स्कोर 1-0 हो गया। ब्रेडेज़ हॉकी वेरेनिगिंग पुश ने आक्रामक रूप से बराबरी का प्रयास किया, लेकिन तीसरे क्वाटर्र में तीन पेनल्टी कॉर्नर मिलने के बावजूद मेजबान टीम किसी को भी गोल में तब्दील नहीं कर सकी। चौथे और अंतिम क्वाटर्र में कनिका सिवाच ने नेट पर गोल करके भारत की बढ़त दोगुनी कर दी। भारतीय रक्षात्मक इकाई ने मैच के अंतिम कुछ मिनटों में अपनी क्लीन शीट बनाए रखने के लिए अच्छा प्रदर्शन किया और जीत सुनिश्चित की। भारतीय जूनियर महिला टीम अपना अगला मैच 22 मई को नीदरलैंड के ब्रेडा में बेल्जियम के खिलाफ खेलेगी।



# ऋषभ पंत या संजू सैमसन, टी20 विश्व कप के लिए युवराज सिंह ने इस पर जताया भरोसा

मुंबई - युवराज सिंह ने टी20 विश्व कप 2024 में बाएं-दाएं बल्लेबाजी संयोजन के लिए अपनी प्राथमिकता पर कायम रहते हुए युवराज ने महत्वपूर्ण विकेटकीपर की भूमिका के लिए संजू सैमसन की तुलना में ऋषभ पंत को प्राथमिकता दी है। टी20 विश्व कप एक जून से वेस्टइंडीज और यूएसए में खेला जाएगा और भारत अपने अभियान की शुरूआत 5 जून से आयरलैंड के खिलाफ करेगा। दोनों विकेटकीपर बल्लेबाज इंडियन प्रीमियर लीग के मौजूदा सीजन में शानदार फॉर्म में हैं। संजू सैमसन ने न केवल कप्तानी की जिम्मेदारी संभाली है, बल्कि इस साल राजस्थान रॉयल्स के लिए बल्लेबाजी क्रम में भी अहम भूमिका निभाई है। वह इस सीजन में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ियों की सूची में सातवें स्थान पर हैं। उन्होंने 14 मैचों में पांच अर्द्धशतकों के साथ 156.32 के शानदार स्ट्राइक रेट सहित 504 रन बनाए हैं, जबकि अपनी टीम को आठ जीत और प्लेऑफ में जगह दिलाई है। दूसरी ओर ऋषभ पंत ने एक घातक कार दुर्घटना से उबरने के बाद शानदार वापसी की जिसने उन्हें 14 महीने तक मैदान से दूर रखा। सीजन की शांत शुरुआत के बावजूद 26 वर्षीय खिलाड़ी ने तेजी से वापसी की और 13 मैचों में 155.40 के स्ट्राइक रेट से 446 रन बनाए जिसमें तीन अर्धशतक शामिल हैं। युवराज ने कहा, 'मैं ऋषभ को चुनूंगा। जाहिर है संजू भी शानदार फॉर्म में हैं, लेकिन ऋषभ बाएं हाथ के हैं और मेरा मानना ??है कि ऋषभ में भारत के लिए मैच जीतने की अपार क्षमता है, जो उन्होंने अतीत में किया है।' उन्होंने कहा, 'टेस्ट क्रिकेट में बहुत कुछ है और मुझे लगता है कि वह बड़े मंच पर मैच विजेता हो सकता है।'



# गेंदबाजों के बाद कोरी और हरमीत की तूफानी बल्लेबाजी, अमेरिका ने टी20 मैच में बंगलादेश को हराया




**ह्यूस्टन (एजेंसी)।** गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद कोरी एंडरसन (34) और हरमीत सिंह (33) की नाबाद तूफानी बल्लेबाजी के दम पर अमेरिका ने टी-20 मुकाबले में बंगलादेश को पांच विकेट से हरा दिया है। इसके साथ ही अमेरिका ने तीन मैचों की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त बना ली है।

टी-20 विश्वकप से पहले अमेरिकी टीम को मंगलवार देर रात तीन मैचों की श्रृंखला के पहले मुकाबले में ऐतिहासिक जीत मिली है। अमेरिका की जीत के हीरो हरमीत सिंह ने 13 गेंदों पर 33 रनों की विस्फोटक पारी खेली। 157 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी अमेरिका की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने चौथे ओवर में ही कप्तान मोनंक पटेल (12) का विकेट रनआउट के रूप में गवां दिया। उसके बाद नौवें ओवर में ऐंड्रियस गौस 18 गेंदों में 23 रन बनाकर आउट हुए। 12वें ओवर में स्टीवन टेलर (20) रन बना कर आउट हुए।

ऐरन जोंस (4) और नीतिश कुमार (10) रन बनाकर आउट हुए। 94के स्कोर पर पांच विकेट गवांने के बाद संकट में फंसी अमेरिका की टीम को कोरी एंडरसन और हरमीत सिंह ने संभाला। एंडरसन ने 25 गेंदों में नाबाद (34) और हरमती ने 13 गेंदों में दो चौके और तीन छक्के लगाते हुए नाबाद (33) रनों की पारी खेली। दोनों बल्लेबाजों ने तूफानी अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए 19.3 ओवर में 156 रन बनाकर अपनी टीम को पांच विकेट से ऐतिहासिक जीत दिला दी। बंगलादेश की ओर से मुस्तफिजुर रहमान ने दो विकेट लिए। शोरिफुल इस्लाम और रिशाद हुसैन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

अमेरिका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी बंगलादेश की लिटन कुमार दास और सौम्य सरकार की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट लिये 34 रन जोड़े। पांचवें ओवर में जसदीप ने लिटन को पगबाधा कर पवेलियन भेज दिया। छठें ओवर में सौम्य सरकार भी चलते बने। उन्हें स्टीवन टेलर ने आउट किया। तौहिद ह्रिदोय की ने 47 गेंदों में चार चौके और दो छक्के लगाते हुए (58) रनों की पारी खेली।

महमुदुल्लाह ने (31), सौम्य सरकार (20) लिटन दास ने (14) रन बनाकर आउट हुए। अमेरिका के लिए स्टीवन टेलर ने दो विकेट चटकाए। वहीं सौरभ, अली और जेस्सी को एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। दोनों टीमों के बीच श्रृंखला का दूसरा मैच गुरुवार को ह्यूस्टन में खेला जाएगा।

## तेलंगाना के मजदूर की बेटी ने तोड़ा विश्व रिकॉर्ड, पैरा एथलेटिक्स में हासिल किया पहला मुकाम

नेशनल डेस्क। एक प्रेरणादायक उपलब्धि में, तेलंगाना के वारंगल के दिहाड़ी मजदूरों की बेटी दीप्ति जीवनजी ने जापान में विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में महिलाओं की 400 मीटर टी20 वर्ग दौड़ में 55.07 सेकंड के विश्व रिकॉर्ड समय के साथ स्वर्ण पदक जीता। दीप्ति ने 2023 में पेरिस में विश्व चैंपियनशिप में अमेरिका की ब्रेन्ना क्लार्क द्वारा बनाए गए 55.12 सेकंड के पिछले रिकॉर्ड को तोड़ दिया। 20 वर्षीया की उपलब्धि असाधारण है, क्योंकि एक वंचित परिवार से आते हुए, उसने इस उपलब्धि को हासिल करने के लिए सभी बाधाओं के खिलाफ लड़ाई लड़ी। अभी कुछ साल पहले, जीवनजी प्रशिक्षण के लिए हैदराबाद जाने के लिए बस का टिकट भी नहीं खरीद सकते थे। दीप्ति जीवनजी ने दौड़ की मजबूत शुरुआत की और पहले 200 मीटर में आगे रहीं। हालांकि क्लार्क अंत तक पहुंच गए, लेकिन दीप्ति ने आखिरी पांच मीटर में जीत हासिल करने के लिए अंतिम धक्का लगाया। तुर्की की आयसेल ओन्डर 55.19 सेकेंड के साथ दूसरे और इक्वाडोर की लिजानशेला एंगुलो 56.68 सेकेंड के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। टी20 वर्गीकरण बौद्धिक रूप से अक्षम एथलीटों के लिए है। दीप्ति की एथलेटिक यात्रा को कोच पुलेला गोपीचंद द्वारा संचालित एक एथलेटिक्स प्रतिभा खोज कार्यक्रम, गोपीचंद-माइत्रा फाउंडेशन द्वारा भी समर्थन दिया गया था। पिछले कुछ सालों में उन्होंने कई राष्ट्रीय स्तर के पदक जीते हैं।

# उभरती निशानेबाज है दिव्यांशी



गाज़ियाबाद। उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद की दिव्यांशी भारद्वाज ने निशानेबाजी में अहम उपलब्धि हासिल की है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई पदक जीतने वाली दिव्यांशी अब सितंबर में अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में शामिल होंगी। दिव्यांशी ने अपने स्कूल में 7वीं कक्षा में पहुंचने के बाद निशानेबाजी में भाग लेना शुरु किया था। इसके बाद दिव्यांशी ने स्कूल स्तर पर जीत हासिल की और लगातार आगे बढ़ने लगीं। फरवरी में स्पेन उसने स्वर्ण पदक जीता। इस खिलाड़ी को साल 2018 में पहली बार अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में खेलने का अवसर मिला। 2019 में वह निशानेबाजी में भाग लेने ताइवान गयी थीं। दिव्यांशी के अनुसार उनके मन में निशानेबाजी के लिए शुरु से उत्साह था। उन्होंने सभी चीजों के लिए समय तय कर रखा था। जिसमे ट्रेनिंग, घर वालों के लिए और अपनी पर्सनल फिटनेस के लिए अलग समय रखा था। अब वह ओलंपिक की तैयारियों में लगी हैं।

# जब शाहरुख ने आकाश चोपड़ा से माफी मांगी

अहमदाबाद। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में जिस प्रकार कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) ने क्वालीफायर में सनराइजर्स हैदराबाद की टीम को एकतरफा अंदाज में हराया है। उससे केकेआर के मालिक शाहरुख खान भी बेहद उत्साहित हैं। इस मैच को देखने के लिए शाहरुख विशेष रुप से पहुंचे थे। इस मैच में जीत के साथ ही केकेआर ने आईपीएल 2024 के फाइनल में जगह बनाई। लीग स्तर पर शीर्ष पर रहते हुए प्लेऑफ में पहुंची शाहरुख की टीम ने क्वालीफायर में भी जबरदस्त प्रदर्शन किया। टीम को मिली जीत के बाद शाहरुख मैदान पर पहुंचे। उन्होंने हर किसी का अभिवादन किया और सबसे जाकर मुलाकात भी की। तब मैदान पर कमेंट्री टीम के सदस्य आकाश चोपड़ा को देखे बिना वो थोड़ा आगे निकल गए तो फिर से पीछे मुड़कर उनसे बात की। उन्होंने आकाश से झुककर हाथ जोड़ माफी भी मांगी। बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख द्वारा किए गए इस तरह से व्यवहार से आकाश भावुक हो गये। साथ ही कहा कि आपने मेरा दिन बना दिया. आप शो के बीच में नहीं आए बल्कि आप ही हमारे शो स्टॉपर हैं। शाहरुख ने इसके बाद वहां खड़े सुरेश रैना को भी गले लगाया।

# कार्लसन से उनके देश में खेलना मेरे लिये चुनौती नहीं : प्रज्ञानानंदा



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कई बार मैग्नस कार्लसन को पराजित करने के बाद युवा भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा को लगता है कि जब वह 27 मई से यहां शुरू हो रहे नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में कई दफा के विश्व चैम्पियन से उनके ही देश में भिड़ेंगे तो उन पर कोई दबाव नहीं होगा।

प्रज्ञानानंदा ने अंतिम बार 33 साल के कार्लसन को इस महीने के शुरु में वारसॉ में ग्रैंड शतरंज टूर के सुपरबेट रैपिड और ब्लिट्ज टूर्नामेंट में मात दी थी। प्रज्ञानानंदा के साथ उनकी बहन आर वैशाली भी इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगी। वैशाली पहली बार नॉर्वे शतरंज महिला टूर्नामेंट में खेलेंगी। प्रज्ञानानंदा ने कहा, ''मुझे नहीं लगता कि मैग्नस से उनके देश में खेलना मेरे लिए कोई चुनौती है। वैसे यह देश में खेलने वाले खिलाड़ी के लिए मायने रखता है लेकिन मेरे लिए नहीं।''

इस 11 दिन तक चलने वाले टूर्नामेंट में घरेलू दावेदार कार्लसन के अलावा विश्व चैम्पियन डिंग लिरेन और हिकारू नाकामुरा जैसे खिलाड़ी भी हिस्सा लेंगे। पिछले साल फिडे विश्व कप में कार्लसन से अपनी प्रतिद्वंद्विता के बारे में भारतीय ग्रैंडमास्टर ने कहा कि यहां का अनुभव उन्हें भविष्य की प्रतियोगिताओं में मदद करेगा। नॉर्वे शतरंज की एक विज्ञप्ति में प्रज्ञानांनदा ने कहा, ''मुझे हमेशा अच्छी चुनौती में मजा आता है। पिछले साल विश्व कप के बाद यह मेरा उनके साथ पहला क्लासिकल मुकाबला होगा। मैं उनके साथ खेलने के लिए काफी उत्साहित हूं और अन्य के खिलाफ खेलने के लिए भी बेताब हूं। इसमें कोई शक नहीं कि यहां का अनुभव मुझे भविष्य के टूर्नामेंट में मदद करेगा।

18 साल के इस खिलाड़ी ने कहा, ''मैं नॉर्वे शतरंज में खेलने को लेकर काफी उत्साहित हूं। काफी मजबूत दावेदार टूर्नामेंट में खेल रहे हैं। अभी तक मैं जितने भी टूर्नामेंट खेला हूं, उसमें मुझे यह शायद सबसे मजबूत प्रतिद्वंद्वी लग रहे हैं। मेरे लिए यह अच्छा मौका है और मैं चुनौती देकर अपना सर्वश्रेष्ठ देना चाहूंगा।'' उन्होंने कहा, ''इस साल का कार्यक्रम काफी व्यस्त है। नॉर्वे शतरंज के बाद मैं शतरंज ओलंपियाड के लिए बुडापेस्ट जाऊंगा। मैं इस साल के अंत में ग्लोबल शतरंज लीग में भी खेलूंगा। इस तरह की रोमांचक लीग होना वास्तव में अच्छा है जिससे इस खेल को आगे बढ़ने में निश्चित रूप से मदद मिलेगी।''

उन्होंने कहा, ''अभी मेरा फोकस नॉर्वे शतरंज पर है और मैं अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए शारीरिक और मानसिक रूप से तैयार हूं।'' प्रज्ञानानंदा ने कहा कि वह महिला वर्ग में अपनी बहन वैशाली की प्रगति पर भी नजर रखेंगे। उन्होंने कहा, ''नॉर्वे शतरंज में महिला टूर्नामेंट शुरू होना अच्छा है। यह अच्छी पहल है क्योंकि महिलाओं के लिए ज्यादा टूर्नामेंट नहीं है। इससे अन्य आयोजकों को भी महिलाओं के टूर्नामेंट आयोजित करने का प्रोत्साहन मिलेगा। मेरी बहन भी इसमें खेलेगी। मैं अपनी बहन के प्रदर्शन पर नजर रखूंगा।

# मुरलीधरन ने भारतीय स्पिनरों के तरीके पर चिन्ता जतायी

चेन्नई। श्रीलंका के दिग्गज स्पिन रहे मुथैया मुरलीधरन ने भारतीय स्पिनरों के तरीके पर चिन्ता जतायी है। मुरलीधरन के अनुसार आजकल ये स्पिनर छोटे प्रारुप में तेज गेंद फेंक रहे हैं। उनके अनुसार नये स्पिनर बड़े शॉट को रोकने के प्रयास में स्पिन की जगह गेंद को तेजी से फेंक रहे हैं जो उनके लिए नुकसानदेह है। आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद के सलाहकार की भूमिका निभा रहे मुरलीधरन ने कहा, 'आजकल अधिकतर भारतीय स्पिनर गेंद को स्पिन नहीं कर रहे हैं बल्कि वे थोड़ी तेज गेंदबाजी कर रहे हैं जबकि उन्हें समझना चाहिये कि गेंद अगर स्पिन नहीं होगी तो बल्लेबाज को आउट करना कठिन होगा। उन्होंने कहा, ''बल्लेबाज जब नेट सत्र में अभ्यास करते है तो थ्रो डाउन पर गेंद सीधी आती है, ऐसे में बल्लेबाज पहले से तय मानसिकता के साथ खेलते हैं, वहीं जब गेंद टर्न लेती है तब अचानक ही उसका सामना करने में बल्लेबाज को परेशानी आती है, इससे विकेट मिलने के अवसर बढ़ जाते हैं। इसलिए बेहतर अवसरों के लिए स्पिनरों को गेंद को टर्न करना चाहिये।






स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः **जितेन्द्र चौधरी**, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in